12- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/12/2025 12:11 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री


# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025






शहर विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है। इसी के तहत लिंक रोड पर लगे वृक्ष बढ़ा रहे शहर की सुंदरता।

## नगर में आज

### बिलासपुर प्रेस क्लब का फाग महोत्सव आज

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब का फाग महोत्सव एवं लोक कलाकार चंदन यादव का झमाझम कार्यक्रम 13 मार्च को किया जा रहा है। बिलासपुर प्रेस क्लब सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक बिलासपुर प्रेस क्लब राघवेंद्र राव सभा भवन में किया जा रहा है। उन्होंने प्रेस क्लब के सभी साथियों व पत्रकारों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### हनुमान गढ़ी में होली मिलन समारोह आज

**बिलासपुर।** हनुमान गढ़ी मंदिर में 13 मार्च को शाम 5 बजे से होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है। हनुमान गढ़ी हनुमत सेवा संघ बजरंग सेना राजकिशोर नगर ने समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### होली पंचमी के रंग, बेलतरा सीपत के संग 16 को

**बिलासपुर।** होली पंचमी का रंग बेलतरा सीपत के संग महोत्सव 16 मार्च रविवार को शाम 6 बजे बाजपेयी परिसर विकास नगर 27 खोली में किया गया है। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम में इस वर्ष भी साहित्यिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, लोक कला एवं संगीत, पत्रकारिता क्षेत्रों में विशिष्ट मनीषीयों को बसंत अलंकारों से बसंत विभूषण रजनीश सिंह पूर्व विधायक बेलतरा, बसंत श्री डॉ विनय पाठक साहित्यकार, बसंत लोक चक्र पद्मश्री पं रामलाल बरेठ कत्थक गुरु रायगढ़ घराना, बसंत रत्न केके शर्मा पत्रकार एवं बसंत चक्र महेन्द्र जैन रिटा.अभियंता अध्यक्ष वंदेमातरम मित्र मण्डल को अलंकृत किया जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि विधायक ठाकुर धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला एवं महापौर पूजा अशोक विधानी रहेंगें।

# शिक्षा विभाग में 40 लोगों की नियुक्ति का फर्जी लेटर

## पुलिस को सौंपा मामला, शिक्षा विभाग में मचा हंगामा

- डीईओ ने सिविल लाइन थाने में की गई शिकायत
- यह भी जानकारी ली जा रही है कि आखिर लिस्ट में जिनके नाम हैं वे कौन लोग हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति लेटर जारी होने के बाद बवाल मचा हुआ है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने मामले में सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा (माध्यमिक) बिलासपुर के लेटर हेड से समस्त प्राचार्यों के नाम से पत्र वायरल हो रहा है, जिसमें सीधी भर्ती द्वारा की जा रही मेरिट सूची संलग्न है। वायरल पत्र में जिला परियोजना अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षर है। इसके साथ ही आत्मानंद स्कूल के प्रभारी रहे रामेश्वर जायसवाल का भी साइन है। यह पत्र पहली नजर में ही फर्जी लग रहा है कि क्योंकि इसमें शिक्षा विभाग में नायब तहसीलदार के पदों पर नियुक्ति का आदेश भी जारी है जबकि शिक्षा विभाग में यह पद है ही नहीं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि यह सूची विभाग के लोगों को कहां से मिली है और आखिर लिस्ट में जिनके नाम हैं वे कौन लोग हैं।

शिक्षा विभाग में अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से चयन सूची जारी हो गई। यह सूची इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते ही विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। डीईओ ने मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में कराई है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने बताया कि करीब चार महीने विभाग में भर्तियां हुई थीं। इसके बाद भर्ती के लिए कोई विज्ञापन ही नहीं निकला है। जारी लिस्ट पर नजर डालें तो इसमें अस्सिटेंट ग्रेड 1 से लेकर नायब तहसीलदार के पद तक शामिल हैं। इसमें चपरासी, आया, हेडमास्टर और पीटीआई तक के नाम शामिल है।




### विभाग में पहले भी सक्रिय रहा है गिरोह

विभाग के अधिकारियों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि ठगी करने वाले गिरोह की यह हरकत हो सकती है। इसके सहारे जरूरतमंद युवाओं से रुपये ऐंठने का प्रयास किया गया होगा। फिलहाल मामले में कोई पीड़ित सामने नहीं आया है। पीड़ित के सामने आने पर इस गिरोह से जुड़े लोगों के नाम सामने आने की बात कही जा रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले भी इसी तरह का एक मामला सामने आया था। इसमें रायपुर से जारी एक फर्जी आदेश पर महिला कर्मचारी को दूसरे जिले से लाकर बिलासपुर में ज्वानिंग दे दी गई। इसकी जानकारी रायपुर मुख्यालय भेजी गई तब फर्जीवाड़े का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद आनन-फानन में मामले कर्मचारी को उसके मूल पद पर भेजा गया। साथ ही फर्जी तबादला आदेश की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई। शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक ना तो जुर्म दर्ज किया है, ना ही जांच पूरी की जा सकी है। इस मामले में एक शिक्षक का नाम सामने आया था।

### लिस्ट में 40 से अधिक नाम

जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा (माध्यमिक) बिलासपुर के लेटर हेड से समस्त प्राचार्यों के नाम से जारी लिस्ट में करीब 40 लोगों के नाम हैं। इस सूची में कई लोगों को अलग-अलग कारणों से अपात्र भी बताया गया है। वहीं, कई लोगों को पात्र बताया गया है। सूची मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी ने विभाग के जिम्मेदार लोगों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि अधिकारी ने इस तरह के किसी दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं किया है। डीईओ ने बताया कि अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि यह सूची विभाग के लोगों को कहां से मिली है।

### पुलिस से शिकायत

शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्तमान में किसी भी प्रकार की नियुक्ति नहीं की जा रही है। मीडिया में वायरल पत्र पूर्णतः फर्जी एवं असत्य है। आशंका है कि कतिपय असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी साजिश के तहत विभाग की छवि धुमिल करने का यह कुत्सित प्रयास है। इसकी शिकायत पुलिस में कर दी गई है। विभाग की ओर से भी जांच जारी है।

**- अनिल तिवारी**
जिला शिक्षा अधिकारी

## हाईकोर्ट ने पुलिस से मांगा शपथ पत्र, सुनवाई 19 को

**बिलासपुर।** चोरी का ई-रिक्शा बरामद होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाए पीड़ित को ही थाने बुलाकर गाली दी गई। इस मामले को हाईकोर्ट ने गंभीर माना है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच एसपी द्वारा पेश शपथ पत्र से संतुष्ट नहीं हुई और नया शपथपत्र देने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

याचिका के मुताबिक कोटा थाना क्षेत्र के रहने वाले याचिकाकर्ता प्रतीक साहू की ई-रिक्शा 20 जनवरी को चोरी हो गई, जिस पर उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट कोटा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। इस दौरान पिछले 28 फरवरी को पुलिस ने एक व्यक्ति से ई-रिक्शा बरामद की।याचिका के अनुसार, जब पुलिस ने आरोपी से ई-रिक्शा किया जब्त किया तब संबंधित व्यक्ति ने बताया कि, उसने रिक्शा 20 हजार रुपए में खरीदी है लेकिन, उसके पास ई-रिक्शा खरीदने का कोई दस्तावेज नहीं है। इसके बाद भी पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और उसे छोड़ दिया।

याचिकाकर्ता प्रतीक साहू ने अपने एडवोकेट के जरिए कोर्ट को बताया कि, ई-रिक्शा मिलने पर उसे थाने बुलाया गया। थाने में उसके साथ गाली-गलौज और धमकी दी। ई-रिक्शा किससे खरीदी गई, इसके दस्तावेज दिखाने का दबाव बनाया। पीड़ित को ही गाली देने पर प्रतीक साहू ने वकील अमित कुमार के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस असली आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही है। बल्कि, पीड़ित को ही धमका रही है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए एसपी को व्यक्तिगत शपथ पत्र पेश करने का निर्देश दिए। जिसमें यह पूछा है कि, किन परिस्थितियों में याचिकाकर्ता को थाने में बुलाया जा रहा है।

# ढोल-बाजे के साथ बकाया टैक्स लेने पहुंचे निगम कर्मी

बकाया टैक्स वसूलने निगम प्रशासन की पहल



बाजे गाजे के साथ टैक्स वसूली का नोटिस देते निगमकर्मी।

- वित्तीय वर्ष पूर्ण होने में 20 दिन शेष, मिशन मोड में जुटा निगम
- घरों में चिपकाया नोटिस, एक दिन में पौने दो लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर ने बड़े और पुराने बकायादारों से टैक्स वसूलने के लिए नायाब तरीका निकाला है। ऐसे बकायादारों के घर बुधवार को निगम की टीम ढोल बाजा के साथ पहुंची और बकाया टैक्स का नोटिस चस्पा किया। जोन क्रमांक 6 और 4 के बकायादारों के घर और संस्थान में निगम अमले ने ढोल बजाकर जगाने का संदेश दिया है। इसका असर भी दिखा और एक दिन में ही सिर्फ जोन क्रमांक 6 से निगम एक लाख 75 हजार 936 रुपए की टैक्स वसूली की है।

इस वित्तीय वर्ष में निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम प्रशासन राजस्व वसूली के लिए तेजी के साथ जुटी है,जिसका असर भी दिखाई दे रहा है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अभी 20 दिन का समय शेष है और लक्ष्य के पाने निगम मिशन मोड में जुटा है। ध्यान रहे कि राजस्व वसूली में संपत्तिकर समेकित कर,जल कर,होर्डिंग,दुकान किराया,भवन अनुज्ञा,भू खंड निर्यात,यूजर्स जार्च समेत अन्य कर शामिल है। निगम के मुताबिक पिछले छः माह से राजस्व वसूली के लिए लगातार अभियान चलाने का असर दिखने लगा है। अब तक सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले बकायादार भी अपना टैक्स जमा कर रहे हैं। निगम कमिश्नर अमित कुमार के सख्त निर्देश के बाद वसूली में लगे राजस्व विभाग ने सिर्फ फरवरी माह में ही 4 करोड़ 74 लाख 32 हजार रुपए की वसूली की है।

### अभी तक 60 फीसदी ही वसूली

ध्यान रहे कि इस वित्तीय वर्ष में निगम ने 105 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन करदाताओं के पास डिमांड नोट ही नहीं है। करदाताओं को यह नहीं पता कि उन्हें कितना टैक्स जमा करना है। लोगों का कहना है कि जोन कार्यालयों से हर साल डोर-टू-डोर डिमांड नोट जारी होना चाहिए। दूसरी ओर निगम का दावा है कि अब तक सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले बड़े बकायादार भी अपना टैक्स जमा कर रहे हैं। अब तक 60 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली हो चुकी है। अब निगम के सामने अगले 20 दिनों में 55 करोड़ की वसूली की चुनौती है। निगम का दावा है कि 90 प्रतिशत से अधिक की वसूली कर ली जाएगी।

### 31 मार्च तक टैक्स जमा करने का समय

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहरवासियों से 31 मार्च तक राजस्व कर जमा करने की अपील करते हुए कहा है नगर निगम के आय का एक बड़ा स्त्रोत राजस्व है,जिसके आधार पर नागरिकों को मूलभूत सुविधा और विकास कार्य कराए जाते है। निगम के सुचारू एवं निर्बाध सेवा के संचालन के लिए सभी अपना राजस्व जमा करें।

## गोंदिया से छपरा तीन फेरे लगाएगी होली स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** होली पर्व के दौरान रेल प्रशासन ने गोंदिया से छपरा के बीच तीन फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है, जो रायपुर, बिलासपुर होकर रवाना की जाएगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से गोंदिया से छपरा और पटना जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेनों का पिचालन किया जा रहा है। होली के दौरान ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए स्पेशल ट्रेनों में 08863/08864 गोंदिया-छपरा एक फेरे के लिए, 08895/08896 गोंदिया-छपरा एक फेरे के लिए और 08897/08898 गोंदिया से पटना दो फेरे के लिए चलाई जाएगी। जानकारी के अनुसार 08863 गोंदिया से छपरा के बीच होली स्पेशल ट्रेन और 08895 गोंदिया-छपरा होली स्पेशल बनकर ट्रेन 11 और 12 मार्च की शाम 5 बजे रवाना होकर डोंगरगढ़, राजनांदगांव, रायपुर, भाटापारा होते हुए उसलापुर रात 10.30 बजे होकर दूसरे दिन शाम 7 बजे छपरा पहुंचेगी।






## सीयूईटी यूजी के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन 22 तक

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा एक मार्च से सीयूईटी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 मार्च है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी सहित देश के कई स्टेट यूनिवर्सिटी में भी सीयूईटी के जरिए स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने सीयूईटी कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चालू कर दी है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन 1 मार्च से शुरू हुआ है और 22 मार्च तक रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इस सत्र बारहवीं बोर्ड एग्जाम में बैठने वाले स्टूडेंटस सीयूईटी के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं क्योंकि उन्हें बारहवीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए किसी न किसी यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना है। इस बार सीयूईटी यूजी की इंट्रेंस एग्जाम 8 मई से शुरू होगा और 1 जून तक चलेगा। स्टूडेंटस सीयूईटी के अधिकृत वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्नातक स्तर के पाठयक्रमों में भी सीयूईटी के स्कोर के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। पिछले सत्र भी सीयूईटी के स्कोर आधार पर यूनिवर्सिटी ने तीन बार आनलाइन काउंसिलिंग आयोजित की थी। उसके बाद स्पॉट राउंड भी हुआ था जिसमें बिना स्कोर तथा बिना सीयूईटी वालों को भी रिक्त सीटों पर प्रवेश का अवसर दिया गया था।




## खबर संक्षेप

### हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना, मिला जनसमर्थन




**बिलासपुर।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने 12 मार्च को महाधरना आंदोलन स्थल पर एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल किया। गौर तलब है कि राज्य के बजट में बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट बिलासपुर को 4 सी श्रेणी में उन्नयन के लिए कोई घोषणा न होने और ना ही कोई राशि मंजूर किए जाने के विरोध में इस आंदोलन की घोषणा समिति ने की थी। समिति ने कहा कि यह अत्यंत निराशाजनक है कि लगातार 4 सी एयरपोर्ट के लिए प्रतिबद्धता जताने और यहां तक की हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग देने के बाद भी राज्य सरकार ने अपने बजट में 4 सी एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट के लिए कोई घोषणा या आवंटन नहीं दिया। आज के भूख हड़ताल आंदोलन में मनोज श्रीवास, समीर अहमद, बद्री यादव, गजेंद्र श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव भूख हड़ताल में बैठे । वहीं आम आदमी पार्टी के नेता जसवीर सिंह चावला और मनोहर खटवानी ने भी आज के भूख हड़ताल में शिरकत की। इन साथियों के भूख हड़ताल में बैठने के अलावा पूरे दिन प्रमुख लोगों का आंदोलन स्थल पर आकर समर्थन देना जारी रहा। जिसमें जिला अधिवक्ता संघ के चंद्रशेखर वाजपेई, आशुतोष शर्मा, मनोज शर्मा, आशीष श्रीवास्तव और संदीप दुबे भी आंदोलन में शामिल होने के लिए पहुंचे। बिलासपुर मर्चेंट एसोसिएशन के जयप्रकाश मित्तल, आईएमए के डॉक्टर देवेंद्र सिंह, पूर्व संसदीय सचिव रश्मि सिंह ठाकुर, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विजय केशरवानी, प्रियंका शुक्ला, नीलोतपल शुक्ला, रविंद्र सिंह ठाकुर आंदोलन में समर्थन देने के लिए पहुंचे।आज के भूख हड़ताल आंदोलन में महेश दुबे टाटा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, रवि बनर्जी, राकेश दुबे, प्रकाश बहरानी, संतोष पीपलवा, रघुराज सिंह, संजय सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

### मोपका में गंदे पानी का भराव मोहल्ले वासी परेशान



**बिलासपुर।** मोपका जोन क्रमांक 7, वार्ड क्रमांक 48 के विवेकानंद नगर में लोग अपने आसपास कचरे के ढेर तथा गंदे पानी के भराव से परेशान हैं। घरों से निकले पानी की निकासी के लिए निगम द्वारा नाली निर्माण नहीं कराया गया है। इसलिए 50-60 घरों का गंदा पानी खुले में ही बहुत बड़े क्षेत्र में साल भर जमा रहता है। इससे मच्छरों की समस्या भी बहुत ज्यादा बढ़ गई है । मोहल्ले वालों द्वारा कई बार जोनल ऑफिस में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण के लिए आवेदन भी किया है, परंतु विभाग द्वारा कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया । बारिश में तो गंदा पानी घरों में भी घुस जाता है। अब तो मोहल्लेवासी अपने क्षेत्र में मलेरिया डेंगू जैसी बीमारियों के फैलने से डरे हुए हैं । यहां के लोग नगर निगम से उचित कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट का सम्मान समारोह



**बिलासपुर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233 सीके रीजन कॉन्फ्रेंस आनंद का कार्यक्रम में रीजन का श्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन एवं अन्य सेवा गतिविधि का पुरस्कार क्लासिक प्लस को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन, विशिष्ट अतिथि मुनव्वर खुर्शीद, विशेष अतिथि नौशीना अफरीन अली, भूपेश बंसल, वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय रिपुदमन पुशरी, नितिन सलूजा मंच पर मौजूद थे। सभी क्लबों के द्वारा बेनर प्रेजेंटेशन का कार्यक्रम किया गया जिसमें श्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस का रहा, जिसमें श्रेष्ठ अध्यक्ष कमलेश गुप्ता,श्रेष्ठ सचिव प्रीति गुप्ता, श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सर्राफ, श्रेष्ठ एक्टिव क्लब एक्सटेंशन अवॉर्ड,मेंबरशिप अवॉर्ड, फूड फॉर हंगर के तहत अवॉर्ड, पर्यावरण के तहत अवॉर्ड, सर्वाधिक पंजीयन अवॉर्ड,नए सदस्यों की रिपोर्टिंग पर लायन विष्णु गुप्ता को इंटरनेशनल 1.5 पिन से नवाजा गया।

### वनविभागीय वाहन चालक संघ के चौथी बार प्रांताध्यक्ष बने राजकुमार



**बिलासपुर।** वन विभागीय वाहन चालक एवं कर्मचारी संघ की बैठक वन विश्राम गृह दुर्ग में रखी गई, जिसमें प्रांताध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सोमनाथ वर्मा और सहायक चुनाव अधिकारी गणेश्वर नोरके थे। सर्वसम्मति से चौथी बार राजकुमार पाण्डेय को प्रांताध्यक्ष निर्वाचित कर लिया गया। सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व स्थापना दिवस वन विभाग के सभागृह में रखा गया। राजकुमार पाण्डेय पावर व वेट लिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 57 मैडल प्राप्त कर वन विभाग, राज्य व देश का नाम रौशन किया है।

### निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर 18 से

**बिलासपुर।** संयुक्त महिला संगठन के तत्वावधान में 18 मार्च से 27 मार्च तक तोरवा पुलिस थाना के बगल में रेलवे राम लीला मैदान निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संगठन की अध्यक्ष विद्या केडिया ने बताया कि प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। उन्होंने इसमें भाग लेने के लिए निशुल्क पंजीयन सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# नहीं चलेगी मनमानी, अब अप्रैल से बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर मिलेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के 40 से ज्यादा छोटे-बड़े निजी संस्थानों के कार्यालयों में नियमित उपस्थिति दर्ज करने बायोमैट्रिक सिस्टम तो लगाया गया लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण शासकीय कार्यालयों में यह सिस्टम लागू नहीं हो पा रहा है।

इसी कारण सरकारी कर्मचारी अधिकारी अपनी मर्जी से आफिस पहुंच रहे हैं तो कभी भी निकल जा रहे हैं। किसी का कोई टाइम नहीं है। इनकी मनमानी रोकने कुछ साल पहले आफिसों में बायोमैट्रिक सिस्टम लगा था। कोरोना के कारण उसे भी दो साल पहले बंद कर दिया गया है। ऐसे में मेनुअल हाजिरी होने से इन सरकारी अधिकारियों- कर्मचारियों पर कोई लगाम नहीं है। अब हालांकि कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए 15 दिन के अंदर बायोमैट्रिक सिस्टम लगाने कहा है।

- **कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए 15 दिन में बायोमैट्रिक लगाने कहा**

कलेक्टर ने कहा है कि अब अगले महीने से इसी बायोमैट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही कर्मचारियों का वेतन निकाला जाएगा। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने आम जनता के कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया है। अहम बात यह है कि समय पर कार्यालय पर आने पर दूर लोक सेवा गारंटी के प्रकरण लंबित होने पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने कड़ा पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल महीने का वेतन हर हाल में बायोमैट्रिक अटेंडेस के आधार पर ही निकाला जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को यह भी कहा है कि समय पर आफिस नहीं पहुंचने से साफ होता है कि अधिकारियों का अपने कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं है। कलेक्टर ने सभी विभागों में आकस्मिक निरीक्षण करने की बात भी कही है।

### बायोमैट्रिक से यह होगा लाभ

- स्टाफ की ट्रैकिंग और निगरानी आसान हो जाती है और उनकी गणना आसान हो जाती है
- भारी रजिस्टरों और स्प्रेड शीटों की आवश्यकता के बिना उपस्थिति रिकॉर्ड आसानी से बनाया जा सकता है
- एक बटन के स्पर्श पर समेकित और श्रेणी-वार रिपोर्ट तैयार हो जाती है। जिससे वेतन रेकार्ड बनाने में सहूलियत होती है
- उपस्थिति का विश्लेषण त्वरित और सटीक हो जाता है, दैनिक, मासिक, वार्षिक और श्रेणी-वार रिपोर्ट और रुझान सचित्र या ग्राफिकल प्रारूप में डैशबोर्ड पर दिखाई देते हैं।

**मेनुअल हाजिरी होने से आफिसों में सरकारी अधिकारियों- कर्मचारियों की मनमर्जी चल रही**



### शुक्रवार से गायब, सोमवार दोपहर में वापसी

ध्यान रहे कि सरकारी कर्मचारियों को शासन ने हफ्ते में दो दिन की छुट्टी दी है। यह छुट्टी आम नागरिकों के लिए जी का जंजाल बन गई है। शासन ने शनिवार-रविवार की छुट्टी देने के साथ ये शर्त रखी कि अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे अपने काम पर पहुंच जाएंगे और शाम को 6 बजे तक आफिस में रहेंगे। किसी भी आफिस में इसका पालन नहीं हो रहा है। कर्मचारी शुक्रवार की दोपहर से ही गायब हो जाते हैं और सोमवार की दोपहर के बाद लौटते हैं। हर सोमवार को हालत यह रहती है कि किसी भी कार्यालय में सुबह 10 बजे अफसर, कर्मचारी नहीं दिखते।

### बायोमैट्रिक पहरा वर्तमान में ध्वस्त

फिलहाल देखा जाए सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की आवाजाही पर लगाया गया बायोमैट्रिक पहरा वर्तमान समय में ध्वस्त हो चुका है। कर्मचारी बायोमैट्रिक मशीन के बजाए मैनुअल तरीके से ही उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कुछ साल पहले लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालयों में यह मशीन लगा दी गई थी। साथ ही सभी कर्मियों की उंगलियों के निशान भी लिए गए थे। आदेश दिया गया था कि सभी कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो मशीन में उंगली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराएं। शुरुआती दौर में तो यह व्यवस्था ठीकठाक चली। उच्चाधिकारियों के शिकंजा कसने पर कर्मचारियों ने बायोमैट्रिक मशीन के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी शुरू भी कर दी थी लेकिन धीरे-धीरे समय बढ़ता गया तो कर्मचारी भी पुराने ढर्रे पर आने लगे।

### कम्प्यूटर फर्म में बायोमैट्रिक सिस्टम

गांधी चौक स्थित कम्प्यूटर फर्म के संचालक ने बताया कि 10 सालों से बायोमैट्रिक सिस्टम लगा है। कोरोना के बाद भी एक साल तक सिस्टम लागू नहीं किया गया था, जिसके कारण उपस्थिति तो प्रभावित हुई। इसके साथ ही निर्धारित टारगेट में भी पिछड़ रहे थे। फिर बायोमैट्रिक सिस्टम से उपिस्थति शुरू हुई। अब बेहतर परिणाम आ रहे हैं।

### मिल रही थीं शिकायतें

अधिकारी-कर्मचारियों के देर से आने की शिकायतें मिल रही थीं। इससे आम जनता को कठिनाईयां हो रही थीं, इसलिए ही सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए 15 दिन के अंदर बायोमैट्रिक सिस्टम लगाने कहा गया है। अप्रैल महीने से इसी बायोमैट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही कर्मचारियों का वेतन निकाला जाएगा।

**- अवनीश शरण, कलेक्टर**

## प्रदेश में 57 हजार स्कूल, खिलाड़ी नहीं बढ़ पा रहे आगे

# हर साल मिलते थे खेलों के लिए 25 हजार, 6 सालों से नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग खेल के मामलों में पिछले 25 सालों में मैडल की तालिका में आज तक टॉप-10 में जगह नहीं बना सका है। इसके पीछे सरकारों और अधिकारियों का खेलों के प्रति ध्यान नहीं देना एक बड़ी वजह है। दरअसल प्रदेश में हर साल हायर सेकंडरी स्कूल को 25-25 हजार रुपए खेल सामग्री के लिए दिए जाते थे, लेकिन पिछले 6 सालों से स्कूलों में यह राशि नहीं दी जा रही है। इसकी जगह स्कूलों में घटिया क्वालिटी के खेल किट दिए जा रहे हैं। इसमें जिन किटों की सप्लाई हो रही है उसकी गुणवत्ता खराब है। हायर सेकंडरी स्कूलों के खिलाड़ियों को जो खेल किट दी जा रही है वह वास्तव में प्ले स्कूल और प्राइमरी स्कूल के बच्चों के स्तर की है। गुणवत्ता इतनी खराब है कि एक से दो बार के उपयोग में खेल सामग्री टूट रही है।

- **सभी स्कूलों में भेज रहे कॉमन किट, सामान की गुणवत्ता खराब**

गौरतलब है कि प्रदेश में करीब 57 हजार स्कूल हैं। यहां से हर साल हजारों खिलाड़ी निकलते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में खिलाड़ी न तो मैडल जीत पा रहे हैं और न ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पा रहे हैं। व्यायाम शिक्षकों में इसको लेकर काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि खेल सामग्री में खानापूर्ति ऐसी की गई है जिसमें कहीं कैरम की परत उखड़ रही है, तो कहीं बैट टूटे हुए हैं।



### एक स्कूल में 3 किट, सबमें सामान एक ही

प्रदेश के स्कूलों में तीन किट दिए जा रहे हैं। इसमें एक किट प्राइमरी के स्कूलों के लिए, एक किट मिडिल के स्कूलों के लिए और एक किट हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए दिए जाते हैं। खेल शिक्षकों द्वारा बताया जा रहा है कि तीनों ही किट में लगभग सभी सामग्री एक जैसी ही है। वहीं क्वालिटी किसी भी सही नहीं है। ऐसे में खिलाड़ी कैसे बेहतर प्रदर्शन करेंगे और मैडल जीतेंगे। बैडमिंटन के रैकेट हो या थ्रो बॉल के बॉल, सभी की क्वालिटी खराब है।

### अधिकांश खेलों के सामान मिले ही नहीं

स्कूलों में जो खेल किट की सप्लाई की जा रही है, उसमें उन खेलों के किट ही नहीं दिए जा रहे हैं, जिन खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी मैडल लेकर आ रहे हैं। इस वर्ष प्रदेश के स्कूली खिलाड़ियों ने नेटबॉल, हैंडबॉल, बॉस्केटबॉल, बेसबॉल, कुराश, आर्चरी, ताईक्वांडो, जुडो, स्विमिंग, कराते, सॉफ्ट टेनिस, स्क्वैश, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, फेंसिंग, योगासन, मलखंभ में मेडल जीता है, लेकिन खेल किट में इन खेलों की सामग्री ही नहीं होती है। इसके अलावा टेबल टेनिस, रेसलिंग, रेसलिंग, बॉक्सिंग, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, गतका, शूटिंग, स्केटिंग, रग्बी आदि खेलों के भी सामग्री नहीं दी जा रही है।

### खेल किट में यह है शामिल

| सामग्री | संख्या |
|---|---|
| पिट्ठुल - | 5 |
| फ्लाइंग डिस्क | |
| क्रिकेट बैट | 4 |
| सीनियर | 6 |
| चेस बोर्ड सेट | 3 |
| योगा मैट | 2 |
| कंचा | 2 |
| टेनिस क्रिकेट बाल | 6 |
| थ्रो बाल | 3 |
| स्किपिंग रोप | 12 |
| बैडमिटंन रैकेट | 4 |
| शटल काक | 8 |
| लूडो | 2 |
| डिस्कस थ्रो | 2 |
| कैरम बोर्ड | 5 |
| शाटपुट | 4 |

### खेल सामग्रियों की क्वालिटी खराब

ध्यान रहे कि प्राइमरी में प्रत्येक स्कूल को 5 हजार, मिडिल में 10 हजार और हायर सेकंडरी में 25 हजार रुपए तक की सामग्री भेजी गई है जबकि पहले यह राशि सीधे स्कूलों को दी जाती थी। यहां से कमेटी बनाकर खेल सामग्री की खरीदी होती थी। ज्ञात हो कि प्रदेश में निजी स्कूलों की संख्या 12 हजार है। प्राइमरी में 3325, मिडिल में 16,450, हाई स्कूल में 2,689 और हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या 4,331 है। ज्यादातर खेलों में हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चे ही हिस्सा लेते हैं। यहीं खेल शिक्षकों की भी भर्ती होती है लेकिन इन स्कूलों में जो खेल सामग्री दी गई है उसकी क्वालिटी काफी खराब है। यह खिलाड़ियों के खेलने के लायक भी नहीं बताई जा रही है। खेल शिक्षकों के मुताबिक दो फीट का बल्ला, कैरम, गोला, तवा हर साल किट में देते हैं। जबकि फुटबॉल और वालीबॉल की जरूरत सबसे ज्यादा होती है। फुटबॉल और वालीबॉल मिलते भी हैं तो वे पुराने तकनीक के हवा भरने वाले हैं, इससे परेशानी होती है।

## एसईसीएल ने 20 दिन पहले हासिल किया ओबी हटाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल का चालू वित्त वर्ष 24-25 में ओबीआर 336 मिलियन क्यूबिक मीटर के आंकड़े को पार कर गया है। इसके साथ ही कंपनी ने इस वित्त वर्ष का लक्ष्य 20 दिन पहले ही हासिल कर लिया है। इस वित्त वर्ष अपने इतिहास का सर्वाधिक ओबीआर का नया रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर है।



एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने 321 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर किया था, जो कि कंपनी की स्थापना के बाद से सर्वाधिक ओबीआर रहा था। लेकिन चालू वित्त-वर्ष कंपनी ने 20 दिन पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में एसईसीएल ने 32.37 मिलियन क्यूबिक मीटर की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। कंपनी द्वारा ओबी हटाने में नई तेज़ी लाई गई है और औसतन 10-11 लाख क्यूबिक मीटर ओबी प्रतिदिन हटाया जा रहा है। उन्होंने बताय कि इस वित्त वर्ष में कंपनी ओबीआर में अपने पुराने सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए नए रिकॉर्ड की ओर अग्रसर है। एसईसीएल ने अपने मेगाप्रोजेक्ट्स में ओवरबर्डन हटाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल, ब्लास्ट-फ्री वर्टिकल रिपर तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दे रहा है। इसके अलावा एसईसीएल ने उत्पादन बढ़ाने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाई है तथा चालू वित्त वर्ष 2024-25 कंपनी द्वारा 760 भू-स्वामियों को रोजगार प्रदान किया गया है जो कि पिछले 10 वर्षों का सर्वाधिक आंकड़ा है।

- **गत वर्ष की तुलना में 32.37 मि. क्यू. मी. की वृद्धि दर्ज**

## वंदे मातरम मित्र मंडल ने मुख्यमंत्री से की धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाने की मांग



**बिलासपुर।** विधानसभा रायपुर में मुख्यमंत्री के कक्ष में वंदे मातरम् मित्र मंडल बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ में हो रहे धर्म परिवर्तन एवं लव जेहाद पर चर्चा की एवं बताया कि छत्तीसगढ़ में कानून में प्रभावी प्रावधान के अभाव में किस प्रकार हिन्दू बेटियां लव जेहाद का शिकार हो रही हैं। उनका शारीरिक, मानसिक शोषण हो रहा है।

धर्मांतरण के कारण सामाजिक द्वेष बढ़ रहा है। जगह-जगह हिन्दू संगठनों के विरोध करने पर हिन्दू संगठन पुलिस कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं। पुलिस द्वारा हिन्दू संगठनों को दबाया जा रहा है, कई जगह बिना अनुमति पंडाल लगाकर झूठे आश्वासन देकर झूठे प्रलोभन, लालच देकर भोले भाले लोगों को धर्मांतरित किया जा रहा है। किसी एक व्यक्ति को फांसकर धर्मांतरित कराते हैं। मित्र मंडल ने अनुरोध किया कि मध्य प्रदेश सरकार जिस प्रकार धर्मांतरण पर मृत्यु दंड का विधेयक लाने वाली है, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी धर्मांतरण एवं लव जेहाद पर कानून बना कर मृत्यु दंड का प्रावधान किया जाय। प्रतिनिधि मंडल मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन, विधायक धरम लाल कौशिक, प्रदीप देशपांडे, एस एन तिवारी, जय प्रकाश लाल,सौरभ दुवे,प्रफुल्ल मिश्रा,पार्थो मुखर्जी,राजेश जायसवाल, डॉ के के साव,नरेन्द्र यादव,पृथ्वी सिंह सहगल, क्षमा सिंह,पूर्णिमा पिल्लै आदि मौजूद थे।

## सतत विकास का लक्ष्य अंतिम छोर तक के व्यक्ति का विकासः कावरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सतत विकास लक्ष्य पर संभाग स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज प्रार्थना सभाभवन के सभाकक्ष में किया गया। इसमें संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि सतत विकास का उददेश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए सामाजिक और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करना है।

राज्य नीति आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य के जिलों में बेहतर क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग में सुविधा देने एसडीजी डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क में सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय एवं अन्य पहलुओं संबंधी कुल 82 इंडिकेटर का समावेश किया गया है। कार्यशाला में राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम, नीति आयोग के सदस्य सचिव डॉ.नीतू गोर्डिया, जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित संभाग के सभी जिलों के अधिकारी मौजूद थे। श्री कावरे ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2015 में 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिन्हें 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उददेश्य विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जाए, इस पर विचार विमर्श करना था। रैकिंग मामेल में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ को 69 अंक हासिल हुए हैं। संभाग में मुंगेली, रायगढ़ और सारंगढ़ को सबसे ज्यादा 70 अंक हासिल हुए हैं। बिलासपुर को 69 अंक मिले हैं। इन इंडिकेटर्स अंतर्गत जिलों द्वारा प्राप्त प्रगति का डाटा समाहित कर प्रतिवर्ष प्रगति रिपोर्ट भी जारी की जाती है। इन एसडीजी रिपोर्टस के आधार पर कलेक्टर और विभाग विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है।

### राज्य नीति आयोग के सदस्य ने डाला प्रकाश

राज्य नीति आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम ने एसडीजी के विभिन्न आयामों को सरल और प्रभावी ढंग से बताया । उन्होंने गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और आर्थिक विकास जैसे प्रमुख विषयों पर प्रकाश डाला। सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रवाल ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य के लिए आयोजित इस कार्यशाला में हमे कैसे नीतियां बनाना है, कैसे क्रियान्वयन करना है। इस पर चर्चा करेंगे। सतत विकास के मायने है कि वर्तमान की जरूरतों के साथ लक्ष्यों को पाने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना कि आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकताएं भी पूरी हो सके।

### हेल्थ प्लस

## किम्स के डाक्टरों ने महिला की रीढ़ की नस में ट्यूमर का किया सफल आपरेशन



**बिलासपुर।** काफी लंबे से रीढ़ की नस में ट्यमर के दर्द से परेशान महिला का सफल आपरेशन कर किम्स के डाक्टरों ने उसे राहत पहुंचाई हैं। अब महिला पूरी तरह से ठीक है। किम्स के डाक्टरों ने बताया कि 40 वर्षीय एक महिला पीठ के नीचले हिस्से में दर्द की शिकायत लेकर उनके पास आई थी।

लम्बर स्पोंडिलोसिस के लिए पहले भी कहीं बाहर उपचार करा चुकी थी। जांच में उसकी रीढ़ की नस में ट्यूमर पाया गया। डा. सुधा राम ने उसका डायग्नोसिस किया और सर्जरी की योजना बनाई। 2 घंटे तक चली गहन सर्जरी के बाद रीढ़ की नस को नुकसान पहुंचाएं बना पूरे ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। सर्जरी के दूसरे दिन मरीज को चलाया गया । वह बिना किसी दर्द के चलने लगी। मरीज बहुत खुश है और उनके पति भी उपचार से संतुष्ट है। डा. सुधा ने बताया कि रीढ़ की नस का ट्यूमर दुर्लभ है। अक्सर इसे डिस्क प्रोलेप्स समझ लिया जाता है। इसकी सर्जरी कठिन होती है। इसके लिए अतिरिक्त एकाग्रता और कौशल चाहिए। क्योंकि यह डयूरा के भीतर और रीढ़ की नस के बगल में होता है। उन्होंने बताया कि 1-2मिलीमीटर का एक छोटा विचलन रीढ़ की नसों का गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। यहां तक की शरीर के निचले हिस्से को लकवा भी मार सकता है। ऐसे गंभीर मामले में यह आवश्यक है कि डायग्नोसिस और सर्जरी की योजना सही हो। हमने आपरेशन कर मरीज को राहत दी।

रीढ़ की नसों को कोई नुकसान पहुंचाएं बिना टयूमर को पूरी तरह निकाल दिया गया।

### बड़े शहर जाने की जरूरत नहीं

किम्स के डायरेक्टर डा. रवि शेखर ने बताया कि वो दिन गए जब किसी भी बड़ी सर्जरी के लिए लोगों को अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता था। अधिकांश कठिन और दुर्लभ मामलों में इलाज किम्स हास्पिटल बिलासपुर में किया जा सकता है।

## तखतपुर इलाके में एक से दूसरे गांव में अफवाह फैलाई जा रही

# टाइगर घूमने की अफवाहों से हलाकान है वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर इलाके में लगातार एक से दूसरे गांव में टाइगर घूमने की अफवाह फैलाई जा रही है, इसके चलते वन विभाग का अमला हलाकान है। एक गांव में टाइगर घूमने की अफवाह उड़ने पर अमला उस गांव पहुंचता है, परन्तु वहां टाइगर तो दूर, कुत्ते का भी पगमार्क नहीं मिल रहा है।

पिछले 15-20 दिन से तखतपुर के कठमुंडा, बेलगहना के अलावा रतनपुर व कोटा क्षेत्र में टाइगर के पग मार्क सहित कई ग्रामीणों ने टाइगर को प्रत्यक्ष रूप से देखा। टाइगर को देखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों व स्टाफ को दी। इस दौरान टाइगर ने मवेशियों के साथ ग्रामीणों पर भी हमला किया। पांच दिन पहले तखतपुर क्षेत्र में टाइगर ने एक किसान पर हमला कर दिया और जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो टाइगर वहां से भागकर छिप गया। सूचना पर बिलासपुर वन मंडल के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व, कानन पेण्डारी मीडियम जू की रेस्क्यू टीम सहित डीएफओ, एसडीओ व अन्य स्टाफ मौके पर पहुंच गए। दो दिन तक टाइगर के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना रहा। इस दौरान वन विभाग के अफसरों ने गांव में अलर्ट जारी करते हुए स्टाफ को सख्त निगरानी रखने का आदेश दिया। इसके उपरांत टाइगर की खोजबीन की गई, लेकिन टाइगर का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने भी टाइगर के जंगल की ओर चले जाने की पुष्टि की थी। इसके बाद टाइगर के तखतपुर, मुंगेली में होने की अफवाह उड़ाई गई। इसी तरह की जानकारी बिलासपुर वन मंडल को बुधवार की सुबह मिली। डीएफओ सत्यदेव शर्मा के पास मवेशी के दोनों कटे सिंग की तस्वीर और एक बनाई गई टाइगर की तस्वीर भेजी गई।



### नहीं है कोई टाइगर

चोरभट्ठी और हांफा में टाइगर व पग मार्क मिलने की सूचना पर टीम को भेजा गया था, लेकिन पग मार्क कहीं भी नहीं मिला। वह स्थान माइनिंग का है, जहां धूल रहती है। उस स्थान पर गाय, बैल व अन्य वन्यप्राणियों के पग मार्क हैं, लेकिन टाइगर के नहीं हैं। इससे यह कहा जा सकता है कि उस स्थान पर टाइगर का कोई भी मूवमेंट नहीं हुआ है।

**-सत्यदेव शर्मा**
डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

12 -MAR--REGNOL-pg-4 -comman_Layout 1 3/13/2025 12:44 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### बिल्हा जनपद अध्यक्ष आज शपथ ग्रहण करेंगे



**बोदरी।** बिल्हा जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक एवं उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर सदस्यों के साथ कल शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी की गरिमामई उपस्थित में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न होगा।

### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा 23 को

**मुंगेली।** राष्ट्रीय नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा जिले में 23 मार्च को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने 200 घंटे की पढ़ाई पूरी कर चुके 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा 23 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें जिसमें परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार 3 घंटे परीक्षा दिला सकते हैं। जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के लिए 12 हजार 260 परीक्षार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### लहरिया ने आदिम जाति कल्याण विभाग की मांगों पर की चर्चा



**सीपत/मस्तूरी।** विधायक दिलीप लहरिया ने विधानसभा बजट सत्र के 12वें दिन आदिम जाति कल्याण विभाग के अनुदान मांगों की चर्चा में भाग लिया। इस दौरान विधायक लहरिया ने जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय स्नाकोत्तर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खमतराई एवं पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास सीपत रोड बिलासपुर के लिए नवीन भवन निर्माण, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बिलासपुर को70 सीट से बढ़ा कर100 सीट करने, भोजन सहाय योजना की राशि को 12 सौ से बढ़ाकर 3 हजार करते हुए वर्तमान शिक्षा सत्र के अनुसार 12 माह छात्रावास एवं भोजन सहाय योजना का संचालन करने एवं प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में राशि का भुगतान करने, मस्तूरी में नवीन क्रीड़ा परिसर की स्थापना करने, ग्राम पंचायत धनगवां में नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोलने, गिरोधपुरी एवं भंडारपुरी धाम के साथ-साथ सतनामी समाज के धार्मिक स्थल कुटेलाधाम मस्तूरी जिला बिलासपुर, बोडसरा धाम जिला बिलासपुर, खपरीपूरी धाम जिला रायपुर, खंडवापूरी अगम धाम जिला बलौदा बाजार, चटवापुरी धाम जिला बेमेतरा, चक्रवाय धाम जिला बेमेतरा, लालपुर धाम जिला मुंगेली, उमरियापाली धाम जिला बिलासपुर, अमर टापू धाम जिला मुंगेली, औराबांधा धाम जिला मुंगेली, पचरी धाम जिला जांजगीर चांपा, पहाढी पुरी धाम जिला कोरबा, का सर्वांगीण विकास करने सहित, अन्य मांगें की गई।

## शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम

# बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




शपथ ग्रहण समारोह में शामिल टीएस समेत नव निर्वाचित प्रत्याशी।

नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल हुए। श्री सिंहदेव ने अपने संबोधन में कहा कि तखतपुर नगर के विकास को लेकर हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे।

श्री सिंह ने कहा कि नगर में लोगों को बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, पानी और बिजली की समस्या न हो यह हम सबकी पहली प्राथमिकता होगी। प्रयास रहेगा कि तखतपुर एक खूबसूरत शहर बने और इसके लिए शासन की ओर से मिलकर राशि उपलब्ध कराऐंगे ताकि विकास कार्य अनवरत होता रहे। तखतपुर लोगों को पेयजल के लिए हमेशा समस्या रहती थी, लेकिन अब इस परिषद के द्वारा पेयजल की समस्या को हल करने के लिए खुड़िया जलाशय से तखतपुर के लिए पानी आपूर्ति कराई जाएगी। इसके लिए टेंडर का काम पूरा होने के बाद एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है, शीघ्र ही इसका काम प्रारंभ हो जाएगा। श्री सिंहदेव मे राम मंदिर के लिए एक लाख रूपए देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंदर पूजा मक्कड़ सहित पार्षदों को एसडीएम डॉ ज्योति पटेल ने शपथ दिलाई। पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा कि एक वर्ष से भी कम समय में नगर के लोगों का विश्वास भाजपा से टूट गया है और इस चुनाव में नगर के मतदाताओं ने कांग्रेस के ऊपर भरोसा जताया है। हम सभी नगरवासीयों को आश्वस्त करते हैं कि जो भरोसा उन्होंने कांग्रेस और कांग्रेस के प्रतिनिधियों के ऊपर जताया है उस पर हम सभी खरा उतरेंगे। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि तखतपुर विधानसभा के विधायक धर्मजीत सिंह ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि वे विकास में दल को आड़े नहीं आने देते हैं, हमें उम्मीद है कि वे तखतपुर नगर के विकास के लिए हमें सहयोग करेंगे। साथ ही विधायक की नगर विकास में जो प्राथिमकता होगी उस पर हम काम करेंगे और सभी के सहयोग से नगर विकास करना हमारा प्रमुख उद्देश्य रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि हमारे पूर्व कार्यकाल में जो नगर विकास कराया गया था उसको ध्यान में रखते हुए नगर के लोगों ने एक बार फिर से विकास के लिए हमें अपना आशीर्वाद दिया है और प्रतिनिधि चुना है। हम इस जवाबदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और विकास के सिलसिला सबके सहयोग से चलता रहेगा। नगर क्षेत्र के जो भी कर दाता एक साथ तीन माह का टैक्स अदा करेंगे उन्हें 6 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। साथ ही यदि कोई भी जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री आवास और राशन कार्ड के लिए हितग्राहियों से राशि की मांग करते है और इसकी जानकारी मिलती है तो तत्काल उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा जाएगा और उसकी बर्खास्तगी की जाएगी। कार्यक्रम को विजय केशरवानी, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने संबोधित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, जितेंद्र पाण्डेय, सुरेंद्र कौर मक्कड़, शिवेंद्र कौशिक, अमित भारते, महेश चंद्रवंशी, पंकज सिंह, मोनू अवस्थी, रोहित शुक्ला, बिहारी देवांगन, प्रदीप ताम्रकार, सुरेश ठाकुर, सुरेंद्र प्रधान, अजय देवांगन, मुकीम अंसारी, टेकचंद कारड़ा, गौरी देवांगन, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत रमन हूरा, परमजीत लवली हूरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, श्रीमती पूजा गुप्ता, मुन्ना श्रीवास, राकेश मंदानी, राजेश बंजारे, दिनेश देवांगन, रानी देवांगन, लक्ष्मी यादव, बबलू गुप्ता, नट्टू जायसी, करीम कुरैशी, अवधेश शुक्ला, बिरझेराम सिंगरौल, मुस्तफा वनक, अन्नू पाण्डेय, शारदा साहू, पिंकी बत्रा, अनिल सिंह ठाकुर, विनोद तोलानी, उपेंद्र खुराना, प्रदीप लहरे, नित्यार्थना राय, अनिल जांगड़े, बबलू पटेल, हरीश राजपूत, सत्यम ताम्रकार, अजय ध्रुव, उमेश राजपूत, यावेंद्र बैस, मोंटू मिश्रा, चिराग द्विवेदी, अमित सिंगरौल, याकिन दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपा पार्षदों ने नहीं ली शपथ

जानकारी के मुताबिक इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा के सभी 6 पार्षद शामिल नहीं हुए। चूंकि यह कार्यक्रम कांग्रेस नेताओं का कार्यक्रम था ऐसे में भाजपा शपथ ग्रहण कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी।



## आत्मनिर्भर बनने चुनौतियों का डट कर सामना करें महिलाएं: रश्मि

- एनटीपीसी मजदूर संघ ने किया महिला कर्मचारियों को सम्मानित

**सीपत।** भारतीय मजदूर संघ एनटीपीसी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संक्रांति पाटनवार, रश्मि क्षत्रिय एवं शुभाषिनी पांडेय उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र साहू एवं नरसिंह पटेल मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर संक्रांति पाटनवार ने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आज के समय में महिलाओं का हर क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। आझ महिलाएं सशक्त हो रही हैं और ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाओं ने अपना लोहा ना मनवाया हो। आज की नारी किसी से भी कम नहीं है, चाहे वह व्यापार हो, राजनीति हो या फिर देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला ही क्यों ना हो। हर जगह महिलाओं ने अपने विवेक व शक्ति का परिचय दिया है। अगर एक महिला सशक्त होगी तो पूरा परिवार व समाज भी सशक्त होता है। महिलाएं आज आत्मनिर्भर बनकर समाज को एक नई पहचान दिला रही हैं। उन्होंने सभी महिलाओं को संगठित रहने पर जोर दिया। रश्मि क्षत्रिय ने कहा कि संगठन में ही एकता है और एकजुटता से ही समाज के विकास को बल मिल सकता है। सशक्त व सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की महती भूमिका है। उन्होंने अपने संबोधन में देश की महिला राष्ट्रपति व दिल्ली मे महिला सीएम का उदाहरण देते हुए एकजुटता में जोर देने की बात कही। इस दौरान देव कुमारी, देवांश साहू, नीलिमा गुप्ता, सुषमा बंजारे, लक्ष्मी यादव, साधना सिंह, सरयू सेंगले, बृहस्पति, साधना सिंह, दीपमाला वर्मा, लक्ष्मीन, ज्योत्सना मिश्रा, राजकुमारी बंजारे सहित बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद मंजारे, राजेंद्र गोस्वामी, शक्ति सिंह, सुशील यादव सहित कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही भाजपा सरकार : धरमलाल

- कृषि विभाग एवं आदिमजाति विभाग पर प्रस्तुत बजट अनुदान मांग पर चर्चा में शामिल हुए कौशिक



**सरगांव।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बजट सत्र 2025 के तहत कृषि विभाग एवं आदिम जाति विभाग में प्रस्तुत बजट पर चर्चा में शामिल हुए।

इस दौरान श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद में जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने एक के बाद एक उपलब्धि हासिल की है और जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी कि सरकार और विभागीय मंत्री रामविचार नेताम के द्वारा जो कार्य किए गये है और किसानों को लेकर बजट जो प्रस्तावित हुए हैं उन सभी का समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा जिस प्रकार से कृषि हमारे जीवन का आधार है आज भी 80 प्रतिशत जो आबादी है या तो कृषि पर निर्भर है या तो कृषि आधारित उद्योग के ऊपर निर्भर है। श्री कौशिक ने कहा कि वर्ष 2001 में 5 लाख. मीट्रिक टन धान कि खरीदी हुई थी और आज 149.25 मीट्रिक टन धान कि खरीदी हुई है निश्चित रूप यह सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। जिस प्रकार से कृषि मंत्री राम विचार नेताम द्वारा कार्य किए गये है ट्रिपेरिकेशन का काम, सब्सिडी में टेक्टर देने का काम, जो कृषि से सबंधित उपकरणों को देने का काम, शाक्भंरी योजना के तहत पम्प कि जो 75 प्रतिशत सबीसीडी दिया गया, लघु श्रीमांक कृषकों को , किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति जनजाति कृषकों को 43 हजार रु का अनुदान, साथ ही छोटे किसानों को 35 हजार का अनुदान समान्य किसान का अनुदान 25 हजार का अनुदान दिया जा रहा है।

श्री कौशिक ने कहा कि अनुसूचितजाति एवं जनजाति के लिए जो बजट में प्रावधान रखे गये हैं इससे निश्चित रूप से उनके जीवन में परिवर्तन दिखाई देगा। भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा आदमी जाति विभाग में जो समय समय पर योजना बनाई गई है वह एक मिल का पत्थर साबित हुए है।

### जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन

**पेंड्रा।** जीपीएम में नवगठित जिला पंचायत का प्रथम सम्मेलन एकीकृत विकास परियोजना सभागार गौरेला में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सहित बुंदकुंवर मास्को, राधा मुरारी रैदास, पूर्णिमा पैकरा, नेहा सलाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर, सीईओ सहित स्वामी परमात्मानंद, कल्लू राजपूत, द्वारिका सोनी, दिलीप केडिया, दिलीप यादव, संदीप जयसवाल, राकेश साहू, गोपाल अग्रवाल, जयप्रकाश शिवदसानी, संतोष तिवारी, आशीष पांडे, अंकुर गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, संतोष विश्वकर्मा, दुर्गेश मिश्रा, राहुल रक्षित, यज्ञ तिवारी, विजय राठौर सहित भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए।

## रतनपुर में लगी आग, तीन दुकानें खाक



दुकान में रखी जली हुई सामग्रियां।

**बिलासपुर।** रतनपुर स्थित महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने स्थित दुकानों में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं। आगजनी की इस घटना में दो होटल और एक प्रसाद की दुकान पूरी तरह स्वाहा हो गई। सूचना पर दमकल पहुंची एवं आग पर काबू पाया जा सका, नहीं तों आस पास की बहुत सारी दुकानों को अपने कब्जे में ले सकता था।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा रात करीब 3 बजे हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि संभवतः किसी असामाजिक तत्व ने इन दुकानों में आग लगा दी। इस घटना में ईश्वर प्रधान और अजीत यादव के होटल तथा रामनारायण की नारियल-पूजन सामग्री की दुकान पूरी तरह नष्ट हो गई। आग की चपेट में आकर होटलों में रखा फर्नीचर, फ्रिज और अन्य सामान भी जल गया, जिससे संचालकों को लाखो का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जा सका लेकिन तब तक सभी दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं। पुलिस आगजनी के कारणों की जांच के साथ ही दोषियों की तलाश की जा रही है।



## होली में प्यार का रंग घोलें, आशीर्वाद लेने की परंपरा बरकरार रखें: सीएसपी

**सीपत।** होली में शांति व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सीपत थाना में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी की अध्यक्षता व डीएसपी सिद्धार्थ बघेल, तहसीलदार सोनू अग्रवाल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति, सौहाद्र के साथ परंपरागत तरीके से होली मनाते हुए प्यार का रंग घोलने की अपील गई। सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली न खेलने वालों को जबरदस्ती रंग न डाले। सड़क रोककर अवैध वसूली न करें। सीएसपी ने कहा कि टीका लगाकर आशीर्वाद लेने की परंपरा जारी रखें। बैठक में जनपद सदस्य मनोज खरे, रेवाशंकर साहू, रवीश गुप्ता, अभिलेश यादव, राज्यवर्धन कौशिक, मंन्नू सिंह, संतोष भोई, सीपत सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, बलराम पाटनवार, प्रमोद जायसवाल, मदनलाल पाटनवार, विजय गुप्ता, संतोष गोयल, यदुराम साहू, अशोक विश्वकर्मा, संजय पटेल, मूलचंद पटेल मौजूद थे।

## कैंडल मार्च निकालकर दी स्व गौरव को श्रद्धांजलि

- घटना स्तब्ध करने वाली, कर्मचारियों की सुरक्षा है सर्वोपरि : कर्मचारी



कैंडल मार्च में शामिल नागरिक।

**सीपत।** सोमवार को एनटीपीसी यूनियन एसोशिएशन के कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ विशाल कैंडल मार्च निकालकर हजारीबाग पकरी बरवाडीह एनटीपीसी के डीजीएम स्व कुमार गौरव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

विदित हो कि झारखंड के केरनदारी एनटीपीसी कोल परियोजना के डीजीएम कुमार गौरव की अज्ञात लोगों ने 8 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार को बड़ी संख्या में यूनियन एसोशिएशन के कर्मचारियों ने परिजनों के साथ एनटीपीसी टाउनशिप फव्वारा चौक में उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए सरकार से उनके हत्यारों को शीघ्र पकड़कर सजा दिलवाने तथा कुमार गौरव के आश्रितों को एनटीपीसी मे स्थायी रोजगार की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पिछले 50 वर्षों से भारत को निर्बाध रूप से बिजली प्रदान कर रही है और देश विदेश में हर चार घरों में से एक को रोशन कर रही है। पिछले दो दशकों में एनटीपीसी ने हर घर को सस्ती बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोयला खनन में भी कदम रखा है। नटीपीसी के इतिहास में ऐसा वीभत्स हत्याकांड पहले कभी नहीं हुआ। इस घटना के कारण एनटीपीसी कर्मचारियों और उनके परिवार का झारखंड सरकार के प्रशासन पर भरोसा खत्म हो गया है। सीपत एनटीपीसी यूनियन एसोशिएशन के कर्मचारियों ने घटना की घोर निंदा करते हुए कुमार गौरव को न्याय दिलाने सरकार से मांग की एवं उनके परिजनों को परियोजना में नौकरी देने की मांग की। इस दौरान एनटीपीसी एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज शर्मा, महासचिव सुरेश भूखिया, इंटक अध्यक्ष सलीम विरानी, महासचिव ललित पगारे, सहित बड़ी संख्या में यूनियन एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।



## भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब सहित महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बुधवार को कोटा थाना प्रभारी आईपीएस सुमीत कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंपनियां कला में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहे हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराकर टीम गठित कर ग्राम कपसिया कला में कार्यवाही करते हुये अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर रेड कार्यवाही कर आरोपिया बबीता अंचल पिता राजू अंचल उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम कंपनियां कला को पकड़कर 45 लीटर महुआ शराब को विधिवत जप्त कर आरोपियां के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

## निधन

### विजय सिंह ठाकुर



**बिलासपुर।** व्यापार विहार निवासी विजय सिंह ठाकुर (बिज्जु) पिता स्वर्गीय गौतम सिंह ठाकुर का 11 मार्च को निधन हो गया। वे दीपक सिंह ठाकुर के पिता, अजय सिंह ठाकुर के छोटे भाई एवं संजय सिंह और धनेश सिंह ठाकुर के बड़े भाई थे।

### ग्वालिन साहू



**बिलासपुर।** श्रीविहार सरकंडा निवासी ग्वालिन साहू का 12 मार्च को शाम 5 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मार्च को श्री विहार सरकंडा से सुबह 11 सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रामकुमार संतोष, राजेश एवं संजीव साहू की माता थीं।

**आम सूचना का खंडन**

मैं अपने आसामी हुसैन अली पिता स्व0 एहसान हुसैन की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर दिनांक 8.3.25 को प्रकाशित आम सूचना का खंडन प्रकाशित कराता हूँ, कि मौजा चिल्हाटी प.ह.न.19/29 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि की भूमिखसरा नं. 257/1 रकबा 1.58 एकड़ मेरे आसामी के अलावा उनके भाई एहसान अली व इब्राहिम भाई के वारिसों का समान हक व हिस्सा है। उक्त भूमि मेरे आसामी के पूर्वजो की भूमि है। उक्त भूमि को दासराम ने दिनांक 18/05/1996 को अवैध रूप से नामांतरण कराये है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में अरूण खेत्रपाल के नाम पर 0.97 एकड़ भूमि दर्ज है। अरुण खेत्रपाल उक्त भूमि को विक्रय किये जाने के संबंध में आम सूचना प्रकाशित कराये हैं। इस कारण यह खंडन प्रकाशित कराया जा रहा है कि खसरा नं. 257/1 रकबा 0.97 एकड़ की कोई भी अंश को अरूण खेत्रपाल से किसी प्रकार का संव्यवहार आमजन न करे, मेरा आसामी इस संबंध में सक्षम कार्यवाही कराने बाध्य है। सो सूचित हो।

भवदीय
दाऊ राम चंद्रवंशी, अधिवक्ता
ओम जोन कालोनी गेट के पास
शुभम बिहार मंगला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827113871

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र./ /अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10.03.2025

ग्राम सिरगिट्टी के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 676/6 रकबा 0.024 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा आ. स्व. सखराज निवासी सिरगिट्टी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 26.03.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार नरेश कुमार लिखमानिया, पिता स्व. ब्रिजमोहन लाल लिखमानिया, निवासी-मेन रोड तोरवा (शैल पुत्री पेंट) बिलासपुर (छ.ग.) को एन. श्रीराम नायडू, एन. भास्कर नायडू, एन. जगन्नाथ नायडू, इंदिरा नायडू (इन्दुमती) चारो पिता स्व. एन.कालीदास निवासी-हाऊस नं. एम.आई.जी. 01, 348, हाऊसिंग बोर्ड, देवरीखुर्द बिलासपुर (छ.ग.) एवं टाटा नगर जमशेदपुर (झारखंड) तथा अमृतसर (पंजाब) निवासी के पैतृक बटवारे में प्राप्त भूमि मौजा तोरवा, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, वार्ड नं.41, (शंकर नगर वार्ड पावर हाऊस चौक के पास) बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.1315/01, रकबा 2475.70 वर्गफुट, खसरा नं.1315/08, शामिल खसरा नं. 1316/07 रकबा 270 वर्गफुट, कुल रकबा 2746 वर्गफुट भूमि को क्रय- विक्रय करने का सौदा किया जा चुका है, अतिशीघ्र रजिस्ट्री किया जावेगा, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सरकारी, गैर सरकारी संस्था, पुलिस एवं राजस्व को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना वैद्य दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित होवे एवं आपत्ति प्रस्तुत करे, रजिस्ट्री के उपरांत किया गया दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा। सो सूचना जाने

शुभेन्दु नस्कर (अधिवक्ता)
छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर
(छ.ग.) मो.नं.- 9827181564

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ना.तह./ 2025
सकरी दिनांक 7/3/2025

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंजुला सरिता एक्का पिता तेलेस्फोर एक्का निवासी जुना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवेदक मौजा अमेरी, प.ह.नं.-43, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-166/3 रकबा (0.3050) हेक्टर भूमि आवेदक द्वारा वर्ष 2016 का बैनामा प्रस्तुत कर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/3/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 7/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 तहसील सकरी जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला-बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न.-00060 उसलापुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202425401115600144

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00060 के अंतर्गत ग्राम उसलापुर के वर्तमान भूमिस्वामी आराधना सिंह पिता/पति-इंद्रभान सिंह पता-के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 195/5(0.0180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रोहित सारथी पिता/ पति-चिंता राम सारथी पता- निवासी एल आई जी-681, के बी टी कॉप्लेक्स, मंगला, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, प्रियंका सारथी पिता/पति रोहित सारथी पता-निवासी एस आई जी-681, के बी टी. कॉप्लेक्स, मंगला, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन /फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-2 तहसील संकरी, जिला बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/03/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Ruchika Agrawal

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस.-162 मूल आबंटी श्रीमती विद्या राठौर पति श्री दिनेश कुमार राठौर के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 25.08.2020 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा पति श्री हरिशंकर चंद्रा को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित ई.डब्ल्यू. एस. भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस.-240 मूल आबंटी श्री सुरेश देवांगन पिता स्व. श्री मोहन लाल देवांगन के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.08.2019 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री टीकाराम साहू पिता श्री हेमचरण साहू को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वैकेंसी

## यूपीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर निकाली भर्ती, 27 तक

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती निकाली है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अप्लाई करने के इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट https://upsc.gov.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2025 है। यूपीएससी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, हिंदी, इतिहास, केमिस्ट्री, कॉमर्स, कंप्यूटर साइंस, इंग्लिश, ज्योग्राफी, फिजिक्स, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र सहित अन्य विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए यह नियुक्ति निकाली गई है।

UPSC

**55 फीसदी अंकों के साथ होनी चाहिए पीजी डिग्री**

इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को संबंधित विषय में 55 फीसदी अंकों के साथ पीजी डिग्री होनी चाहिए। साथ ही, अभ्यर्थियों को संबंधित विषय में नेट एग्जाम पास होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी ज्यादा जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को नोटिफिकेशन की जांच करनी चाहिए।

आयोजन

## तेलुगु समाज का नव वर्ष उगादि 30 को, आयोजन समिति की बैठक



**बिलासपुर।** आगामी 30 मार्च को तेलुगु समाज द्वारा तेलुगू उगादि हिंदू नव वर्ष का भव्य आयोजन किया जाने वाला है, जिसे लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उगादि महोत्सव आयोजन समिति के साथ बिलासपुर के तेलुगु समाज के अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। समिति के अध्यक्ष वी रामाराव एवं सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि इसमें आयोजनों को बृहद स्वरूप देने के साथ रेलवे परिक्षेत्र के अलावा अन्य हिस्सों में रहने वाले समाज के एक एक व्यक्ति तक महोत्सव का आमंत्रण पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में उगादि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष व्हीरामा राव और सचिव एस साईं भास्कर एवं अन्य पदाधिकारियों के अलावा बिलासपुर में तेलुगु समाज द्वारा गठित अन्य समितियों के सदस्य एवं पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए।

कार्यक्रम

## कवि सम्मेलन में किया कवियित्रियों ने काव्य पाठ



**बिलासपुर।** कविता चौपाटी के तत्वावधान में एक आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरी साहू के 53 वीं कड़ी के रूप में दो कविताओं का अनावरण हुआ। अनावरण का संचालन महेश श्रीवास ने किया। कवियित्रियों ने काव्य पाठ किया। विद्या गोवर्धन ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ. सुधाकर बिबे ने कहा कि किशोरी साहू एक घरेलू महिला होते हुए भी अपने काव्य के माध्यम से साहित्य जगत में अपना स्थान निर्धारित कर रखी है। कवियित्री सम्मेलन को दो ग्रुप में बांटते हुए प्रथम ग्रुप की अध्यक्षता मंगला देवरस ने की। संचालन रश्मि रामेश्वर गुप्ता ने किया। दूसरे कवियित्री सम्मेलन ग्रुप की अध्यक्षता डॉ. शोभा बिबे ने की। संचालन धनेश्वरी सोनी ने किया। प्रथम ग्रुप में लेखनी जाधव, पूर्णिमा तिवारी, गीता नायक, रश्मि अग्रवाल एवं दूसरे ग्रुप में मनीषा भट्ट, किशोरी साहू, रचना पाल, डॉ. ललिता यादव ने काव्य पाठ किया।

सम्मान

## रेलवे की महिला कर्मियों का किया सम्मान



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया।महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने महिला कर्मचारियों, विशेषकर फील्ड में कार्यरत महिलाओं द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि लगभग 8 प्रतिशत कर्मचारी महिला कर्मचारियों के माध्यम से हैं और उन्हें सशक्त बनाने से रेलवे को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में काफी मदद मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी दर्शीनिता बोरा अहलूवालिया ने लोको पायलट से लेकर ट्रैक मेंटेनर तक सभी श्रेणियों में रेलवे में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला और व्यक्तिगत और संगठनात्मक दोनों लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हैं। रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित महिला कर्मचारियों में कविता साहू, दमेश साहू, मेधा गुप्ता, प्रतिभा बंसोड़, स्वर्णलता चौरसिया और गोदावरी कुंजम, रायपुर डिवीजन से रश्मी कैवर्त, उषा कुमारी, सीनियर और करुणा हरिपाल मौजूद थे।

# भद्रा का साया, रात 11:26 के बाद होगा होलिका दहन

होलिका दहन गुरूवार को शहर के विभिन्न जगहों में किया जाएगा, इस साल होलिका दहन की तिथि 13 मार्च है। भद्रा होने की वजह से देर रात्रि से होलिका दहन किया जाएगा। इस बार भी गोकाष्ठ से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगा, इसे लेकर होलिका दहन उत्सव समितियों द्वारा तैयारियां की गई हैं।



**शुभ मुहुर्त**

**रात 11:26 से 12: 30 तक**

पंडित प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस बार होलिका दहन के दिन भद्रा मुख का साया आठ बजकर 14 मिनट से रात 10 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इसके बाद होलिका दहन किया जा सकता है। हालांकि शुभ मूहुर्त रात 11 बजकर 26 मिनट से शुरू होकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा, वहीं अगले दिन रंगोत्सव मनाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होलिका दहन के साथ ही पांच दिवसीय रंगों के पर्व की शुरुआत हो जाएगी। धार्मिक व सामाजिक एकता का त्योहार होलिका दहन पर शहर के चौराहे, गली मोहल्ले में लकड़ियों से होली सजाने की तैयारी कर ली गई, इस बार भद्रा के चलते इस बार होलिका दहन देर रात्रि में होगा, वहीं रंगोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। पंडित ने बताया कि कथा है कि हिरण्यकश्यप ने बहन होलिका को आदेश दिया था कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, लेकिन ईश्वर की भक्ति में लीन प्रह्लाद बच गए। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है।

### इस तरह करें पूजा

होलिका की पूजा वाले स्थान पर उत्तर अथवा पूरब दिशा की ओर मुंह करके बैठ जाएं। पूजा करने के लिए गाय के गोबर से होलिका व प्रह्लाद की प्रतिमा बनाएं। पूजा की सामग्री के लिए रोली, फूल, फूलों की माला, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल नारियल, पांच से सात तरह के अनाज व एक लोटे में पानी रख लें। इन सभी पूजन सामग्री के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा करें। मिठाइयां व फल चढ़ाएं। होलिका के साथ ही भगवान नृसिंह की भी पूजा करें। होलिका के चारों ओर सात बार परिक्रमा करें।




### कंडों की भी जलाई जाएगी होलिका

शहर में विभिन्न समाज के द्वारा गोबर के बने कंडो का भी होलिका दहन किया जाएगा,कोई ग्यारह सौ तो कोई पांच हजार कंडों से होलिका दहन करेगा। इसके लिए संगठनों ने तैयारी की है।

# संगठनों के होली मिलन में फाग की धूम, खूब उड़े रंग

होली के मद्देनजर शहर में होली मिलन समारोह की धूम मची है। मंगलवार को भी अनेक महिला एवं स्वयंसेवी संगठनों ने होली उत्सव मनाया। रंग से सराबोर होकर ढ़ोल, मंजीरे की थाप पर फाग गीत गाए एवं गीत पर जमकर थिरकी।

**बिलासपुर।** रंगों का पर्व होली आने में मात्र एक दिन शेष रह गया है। शनिचरी में नगाड़ों एवं तारबाहर चौक, कंपनी गार्डन के सामने, गोल बाजार सहित शहर के अन्य स्थानों में रंग-पिचकारी की दुकानें सज गई है। विक्रेता रिचर्ड ने बताया कि इस बार नए डिजाइन की पिचकारी, टोपी, चोंगा, बाल आया है। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। अपनी होली को भव्य बनाने इन सभी चीजों की खरीददारी भी शुरू कर दी हैं। वहीं महिलाएं होली मिलन समारोह आयोजित कर पर्व का आनंद ले रही हैं।



**जेपी हाईट्स में होलिका दहन**

प्रतिवर्षानुसार जे पी हाईट्स मुख्य द्वार के बगल में गुरुवार सुबह 7.30 बजे से रात्रि भद्रा समाप्ति तक ठंडी होलिका पूजन हेतु उपलब्ध रहेगी। रात्रि 9 बजे होलिका पूजन हेतु अपने नवनिर्वाचित युवा पार्षद नितिन पटेल व शुभमविहार के सम्मानित नागरिक बंधु उपस्थित रहेंगे। रात्रि शुभ मुहूर्त में भद्रा समाप्ति के पश्चात होली मनाई जाएगी।

### ब्राह्मण बहनों ने जमकर खेला गुलाल



राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने सामुदायिक भवन सरजू बगीचा में उमंग और उल्लास से फाग महोत्सव मनाया। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर जमकर रंग उलेड़े। फाग गीत गाए गए। इस मौके पर शोभा त्रिपाठी, मीनू दुबे, अर्चना तिवारी, साधना दुबे, नीलिमा शर्मा, नम्रता शर्मा, पूर्णिमा मिश्रा, शारदा तिवारी, माया वाजपेयी, अनुपमा, शशि तिवारी, अर्चना शुक्ला सहित परशुराम ब्राह्मण समाज से की अन्य बहनों की उपस्थिति रही।

### सखियों के होली मिलन में बिखरे रंग



अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने एएस फन सिरगिट्टी में होली फाग उत्सव मनाया। इस दौरान संगठन की सभी सदस्य सफेद कलर के ड्रेस में थी। उत्सव में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। इसके बीच वाद्य यंत्रों की धुन के बीच होली पर आधारित भजन गाए गए। प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने कहा कि होली खुशी का त्यौहार है। सखियों ने होली मिलन गेम का आनंद लिया। रंग भरो हाऊजी खेली गई।

### होली बुराई पर अच्छाई की जीत



आनंद निकेतन श्रवण बाधित विद्यालय छात्रावास वेयर हाऊस रोड में होली मिलन कार्यक्रम रखा गया। प्राचार्या कु. शोभना शुक्ला ने होली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत व अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। इसके बाद सभी बच्चे व स्टॉफ के लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर अग्रिम शुभकामनाएं दी। बच्चों ने होली गीत पर नृत्य किया। अंत में सभी बच्चों को मिठाई का पैकेट वितरित किया गया।

बिलासा कला मंच का आयोजन

### 32वें मूर्खाधिराज चंद्रप्रकाश देवरस चुने गए



होली पर्व में हर साल होलिका दहन की पूर्व संध्या पर हास्य परिहास से भरपूर बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित 32 वें मूर्खाधिराज, अभिषेक, फाग गायन और हास्य-व्यंग्य समारोह यादव भवन इमलीपारा में वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रप्रकाश देवरस की अध्यक्षता में तथा पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश बाजपेई, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अजय पाठक, डा सोमनाथ मुखर्जी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मंच का अभिनव आयोजन मूर्खाधिराज अभिषेक से बिलासा कला मंच के संरक्षक चंद्रप्रकाश देवरस को नवाजा गया। बिलासा कला मंच द्वारा 31 वर्ष से लगातार आयोजित यह आयोजन अंचल की विशिष्ठ पहचान है। बिलासा कला मंच द्वारा बिलासपुर की संस्कृति और संस्कार,भाईचारा कायम रहे इसी उद्देश्य से पारिवारिक वातावरण में यह कार्यक्रम किया जाता है। 32 वें मूर्खाधिराज की पदवी से चंद्रप्रकाश देवरस को नवाजा गया और होली परिधान पहनाकर सम्मानित किया गया,तत्पश्चात उनके व्यक्तिव,कृतित्व पर हास्य परिहास से भरपूर लेखन का वाचन मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास ने किया। इस अवसर पर मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव ने कहा कि 31 वर्ष से लगातार मंच के द्वारा नगर के विशिष्ट जनों को मूर्खाधिराज अभिषेक से नवाजती रही है, इस साल मंच के पदाधिकारियों ने मंच के वरिष्ठ संरक्षक और समाजसेवी देवरस जी को इस अभिषेक से नवाजा।

### होली के रंग जिद्दी यूथ के संग



जिद्दी यूथ टीम द्वारा आज जगदम्बा पैलेस में बड़ी संख्या में होली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख जिद्दी यूथ अध्यक्ष विकास सिंह, सुहानी, मालवी, निधि, पालक, निकी मुस्कान, रानी, प्रिया छात्र मौजूद थे।

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई गई होली



सक्षम संस्था ने लखीराम स्टेडियम के सामने स्थित दिव्यांग बच्चों के स्पेशल स्कूल बाल विकास केंद्र में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। स्पेशल बच्चों को पिचकारी, होलियाना टोपी, चिप्स, बिस्किट भेंट कर गुलाल लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्था के डायरेक्टर डॉ चेतन, डॉ रिचा जांभुलकर, उजमा अजीज, आशा तिवारी आदि उपस्थित थे।

श्रद्धा महिला मण्डल का आयोजन

### महिला कर्मियों को किया सम्मानित




श्रद्धा महिला मंडल द्वारा होली के त्योहार के उपलक्ष्य में एसईसीएल में निविदा अंतर्गत कार्य कर रही 80 श्रम वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देती इस पहल के तहत मण्डल द्वारा महिला कर्मियों को छाता, मिठाई एवं गुलाल पैकेट्स देकर सम्मानित किया गया। मण्डल के पदाधिकारीगणों ने कहा कि नारी शक्ति की सच्ची प्रतिलिपि हमारी ये श्रम वीरांगनाएं अपने परिवार में पुरुषों से ज्यादा अपने कंधो पर जिम्मेदारी का बोझ उठा कर समाज निर्माण में अपना योगदान देते हुए एक रोशनी दिखा रही हैं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी श्रम वीरांगनाओ के साथ केक काटा तथा महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। वसंत क्लब, वसंत विहार में आयोजित कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्षाएं अनीथा फ्रैंकलिन, इप्शिता दास, मार्गदर्शिका विनिता जैन के साथ कमिटी एवं मंडल की सदस्याएं भी मौजूद रहीं। सबों को आने वाले पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए,सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया। स्वरचित कविता पाठ में मण्डल की सदस्याओं ने लिया भाग कमिटी सदस्याओं के साथ सभी सम्मानित सदस्याएं की उपस्थिति में महिला दिवस के अवसर पर ' मेरे शब्दों में नारी ' विषय पर स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता हुई जिसमें 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके साथ ही होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें सबों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्नर न्यूज

माता शबरी नवीन महाविद्यालय में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला

## हर्बल गुलाल बनाकर, छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाज शस्त्र परिषद् एवं सक्षम संस्था के सहयोग से उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. के. के. भण्डारी के मार्गदर्शन एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में तथा सक्षम संस्था के शैफाली घोष एवं विनीता राव के सहयोग से हर्बल गुलाल बनाकर, छात्राओं को स्वरोजगार से जोड़ना एवं आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक पहल की गई। कार्यक्रम का संचालन समाज शास्त्र परिषद् की अध्यक्ष पायल देवांगन ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो, शोभा महिस्वर, डॉ. शषिकला सिन्हा, डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ. इसाबेला लकड़ा, डॉ. डी.के.शुक्ला, बेला महंत, डॉ राजकुमार पटेल, डॉ अनुपा तिर्की, डॉ ललिता साहू, डॉ. यतिनंदिनी पटेल, डॉ एसके.पटेल, डॉ. दीपिका महोबिया,आनंद कुमार, अल्का डडसेना, डॉ. मनोज तिवारी, अमृता चिमनाल, भरतदास मानिकपुरी, डॉ. उषा सराफ, पुष्पेन्द देवांगन चित्ररेखा, नीलेष्वरी धीरज बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थित रही।



## छात्रों को वाणिज्य प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने दी जानकारी

वाणिज्य विभाग के अंतर्गत स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट से संबंधित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य विषय विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ शोभित बाजपेई व डॉ जेपी मिश्रा थे। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर के के भंडारी वक्ता का अभिवादन तथा उनका संक्षिप्त परिचय कराकर किया एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण आवश्यक जानकारी प्रदान की। जिससे की छात्राओं को प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने में सहायक हो वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डीके शुक्ला ने छात्रों के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट की विषय की गंभीरता पर चर्चा की एवं विषय का चयन करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी तथा तथ्यों के बारे में सूचना प्रदान की। विषय विशेषज्ञ वक्ता डॉ शोभित बाजपेई ने अपने उद्बोधन में प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लेखन के बारे में जानकारी प्रदान की, विशाखा चयन तथा उसकी रूपरेखा की प्रारूप आंकड़ों का संग्रहण एवं आंकड़ों का विश्लेषण करने की आधुनिक तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया। तत्पश्चात प्रोजेक्ट रिपोर्ट में आई टूल्स को इस्तेमाल करने की विधियों से अवगत कराया, प्रोजेक्ट रिपोर्ट से संबंधित पूर्व साहित्यिक समीक्षा से अवगत कराया, प्राचार्य डॉ. केके भंडारी, विभागाध्यक्ष डॉ. डी के शुक्ला, विभाग के प्राध्यापक पुष्पेंद्र कुमार देवांगन, भारती साहू एवं वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष कुमारी नमिता पटेल सहित एम कॉम की कक्षाओं की छात्राएं उपस्थित रही।



## खबर संक्षेप

### पंजीयन विभाग के बकायदारों की संपत्ति होगी नीलाम

**बिलासपुर।** पंजीयन विभाग के बकायादारों की संपत्ति नीलाम करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला पंजीयक ने बताया कि पंजीयक विभाग के बकायदारों को मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क की बकाया राशि जमा करने कार्यालय द्वारा नियमानुसार मांगपत्र जारी कर बकाया राशि जमा करने अनुरोध किया जा चुका है। लेकिन बकायदारों द्वारा बकाया राशि जमा करने बार-बार मांग पत्र भेजने के बाद भी उनमें बकाया राशि जमा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होने के कारण उनके खिलाफ कुर्की वारंटी जारी किया जाएगा।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने तैनात रहेंगे अफसर

**बिलासपुर।** होलिका दहन एवं होली पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी की ड्यूटी विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगाई गई है। इसमें तहसीलदार मुकेश देवांगन को सिविल लाइन एवं पुलिस कंट्रोल रूम, अतिरिक्त तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण को तारबाहर थाना क्षेत्र, अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार सुश्री नेहा विश्वकर्मा सिरगिट्टी,नायब तहसीलदार राहुल शर्मा सरकंडा थाना क्षेत्र में तैनात किए गए हैं।

### अटल आवास में खिला रहा था आनलाइन सट्टा

# सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार, दो लाख रुपए एलईडी, मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन माह से अशोक नगर अटल आवास किराए के मकान में आनलाइन गेमिंग सट्टा खिलाने वाले सटोरिया को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 1 लाख 80 हजार रुपए नकद, 3 एलईडी, 16 मोबाइल, 2 लैपटाप सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीसीयू टीम के आरक्षक अभिजीत डाहिरे को मुखबिर से सूचना मिली कि अशोक नगर अटल आवास में एक युवक ऑनलाइन गेमिंग सट्टा खिला रहा है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम प्रभारी अनूज कुमार ने टीम के साथ अटल आवास मकान नम्बर 51 में दबिश देकर घुटकू कुम्हारपारा निवासी सुरेश प्रजापति पिता छतलाल प्रजापति 32 साल को आनलाइन गेमिंग में सट्टा खिलाते पकड़ लिया। उसके पास से 1 लाख 80 हजार रुपए नकद, 3 एलईडी, 16 मोबाइल, 2 लैपटाप, 2 सीपीयू, 2 प्रिंटर, राउटर, नेट बाक्स, 30 से अधिक फर्जी सिमकार्ड, 7 नग बैक पासबुक, 2 चेक बुक, 14 नग विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड, 2 रजिस्टर जिसमें लाखों के सट्टा का हिसाब लिखा हुआ है। पूछताछ में युवक ने विगत तीन माह से किराए में मकान लेकर ऑनलाइन गेमिंग सट्टा खिलाना बताया है। टीम ने आरोपी युवक को सामान सहित कार्रवाई के लिए सरकण्डा पुलिस को सौंप दिया। सरकण्डा पुलिस ने धारा 6, 7 छतीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



### 35 प्रतिशत मुनाफे पर खिला रहा था सट्टा

कस्टमर टेलीग्राम के माध्यम से प्राप्त होते हैं, जो पैन इंडिया के होते हैं, जो ब्रांच के व्हाट्सएप नम्बर से संपर्क करते हैं, कस्टमर को ब्रांच के द्वारा लिंक दिया जाता है। जिसके माध्यम से आनलाइन गेमिंग सट्टा में शामिल होते हैं। इसमें मुनाफे का 65 प्रतिशत हेड ऑफिस को और 35 प्रतिशत ब्रांच चलाने वाले गिरफ्तार युवक को मिलता था।

### किराए के मकान में खिला रहा था

पढ़ाई करने के बहाने युवक अटल आवास में किराए के मकान में रहकर आनलाइन गेमिंग सट्टा खिला रहा था, जिसे गिरफ्तार किया गया है। उक्त मकान किसका है, इसकी भी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-**अनूज कुमार** एएसपी एसीसीयू टीम प्रभारी

### चाकू लहराकर अशांति फैलाते 6 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर में अलग अलग जगहों में चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले 6 बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गोंड़पारा नदी किनारे रिवरव्यू में एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सैफुल हक उर्फ शैलू पिता फजालुल 28 साल सदर बाजार निवासी व सिम्स के पीछे रिवरव्यू में दबिश देकर जैदुल हक पिता फैजुल हक 19 साल तालापारा बजरंग चौक निवासी को चाकू सहित पकड़ लिया। सिविल लाइन पुलिस ने तालापारा भारत माता चौक से शान खान पिता सलीम खान 19 साल तालापारा, जरहाभाठा मिनीबस्ती से सेवन कुमार पात्रे पिता संतोष कुमार पात्रे 22 साल मिनीबस्ती निवासी को चाकू सहित पकड़ा गया है। तोरवा पुलिस ने पेण्डलवाल अस्पताल के पीछे से बलराज उर्फ गोलू ध्रुव पिता इन्द्राज धूव 30 साल को चाकू सहित पकड़ा गया है। तारबाहर पुलिस ने गुण्डा बदमाश पुराना बस स्टैण्ड निवासी राजेश उर्फ गोलू पासी को पकड़कर चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले 11 मार्च को सरकण्डा पुलिस ने 5 बदमाशों को चाकू लहराते पकड़कर गिरफ्तार किया था।

# बिजली तार के नीचे होलिका दहन की करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली तार और केबलों के नीचे होलिका दहन करने और कपड़ा फाड़ कर तारों में फेंकने वाले हुड़दंगियों पर बिजली अधिकारियों की नजर रहेगी। वहीं ऐसा करते पाए जाने पर बिजली अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई भी की जा सकेगी।

विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि ऐसी हरकतें करने से बचे और इसकी शिकायत संबंधी जोन कार्यालय में करें, ताकि समय रहते बिजली उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाई जा सके। हर में हर साल होलिका दहन करते हुए लोग बिजली तार व केबल का ध्यान नहीं रख पाते हैं, इस दौरान दहन की वजह से तारों को नुकसान पहुंचता है और बिजली बंद होने की शिकायत प्राप्त होती है।

खास बात यह है कि होली के दिन कपड़ा फाड़ होली खेलते हुए हुड़दंगियों के द्वारा तारों में ही कपड़ें फेंक दिए जाते है, जिससे शार्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। बिजली अधिकारियों ने ऐसी शिकायतों को गंभीरता से लेने का आदेश दिया है और जोन के अधिकारियों को लोगों से ऐसा ना करने की अपील करते हुए समझाईश देने का आदेश दिया गया है। इसके बावजूद बिजली तारों को नुकसान पहुंचाने वालों के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### आम लोगों को होती दिक्कत

बिजली तारों के नीचे होलिका दहन करने पर आम लोगों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ती है। पेट्रोलिंग के स्टाफ को हिदायत दी गई है कि ऐसे जगहों का चिन्हांकन कर जोन अधिकारी को सूचित करें। तारों पर होली के कपड़े डालने से शार्ट सर्किट लगने का भय बना रहता है, जिसे जान और माल की हानि हो सकती है। बिजली उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि इस तरह से होली मनाने से परहेज करें।

-**पीआर साहू,** अधीक्षण यंत्री सिटी सर्किल

### प्लेटफार्म पर अज्ञात की मौत

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात मृतक की उम्र 50 से 55 वर्ष है, जिसने मटमैला फूलशर्ट, ऊपर सफेद में काला बाईनिंग वाला हाफ शर्ट एवं कमर में भगवा रंग की लूंगी पहना है।

# खमतराई नहर रोड में महिला की मिली लाश, हत्या की आशंका



मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस।



इनसेट में मृतका।

**बिलासपुर।** खमतराई नहर रोड में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश के गले में निशान मिलने से हत्या कर लाश फेंकने की आशंका जताई जा रही है। मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 12 मार्च की सुबह ग्राम खमतराई लोग खेत की ओर जा रहे थे तब नहर रोड सड़क किनारे एक महिला की लाश पड़ी हुई देखे। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने डायल 112 में सूचना दी। उसके बाद सरकण्डा पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के लोगों को तलब कर पहचान करने की कोशिश की गई, किन्तु पहचान नहीं हो पाई है। उसके गले में कुछ निशान दिख रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसकी कहीं और जगह पर हत्या करने के बाद मौके पर लाश को फेंका गया है। मृतका की उम्र 30 से 35 साल व बांए हाथ की कलाई में अंग्रेजी में डीके व दाएं हाथ में एके लिखा हुआ है। पुलिस सोशल मीडिया व थानों में दर्ज गुम इंसान की पतासाजी कर पहचान करने में लगी हुई है। बहरहाल पोसटमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार - 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार - 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार - 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार - 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार - 1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
श्री Ram JEWELLERS Madhya Nagari Chowk, Bilaspur
8 March Happy Woman's Day
प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी
द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर
तृतीय पुरस्कार डिनर सेट
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार
1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ....................
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ....................
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ....................
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ....................
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ....................
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ....................
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ....................
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ....................
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ....................
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ....................

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
Summer Camp for KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JESCOLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JESCOLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ....................
पिता/पति का नाम :- ....................
स्थाई पता :- ....................
फोन/मो. नं. :- ....................
शैक्षणिक योग्यता :- ....................
फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT
NiceTec COMPUTER EDUCATION Since 1992
REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क
अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध
NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT)
भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग
Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921

## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन ने किया होली पत्रिका का विमोचन



**मुंगेली।** मामा भांजा टाइम्स होली पत्रिका का विमोचन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। पत्रिका प्रकाशन 41वें वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुये पत्रिका की उज्जवल भविष्य की कामना की। होली पत्रिका मामा भांजा टाइम्स के 41वें अंक का विमोचन समारोह सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास मौलश्री विहार पर बुधवार 12 मार्च को दोपहर 3 बजे किया गया। इस पत्रिका के विमोचन समारोह के अवसर पर होली पत्रिका की टीम एवं समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विमोचन पश्चात सांसद अग्रवाल ने कहा कि होली पत्रिका 41 वर्षो तक लगातार प्रकाशन कर मनोरंजन की दिशा में अहम भूमिका अदा की है। इसके लिए प्रधान संपादक प्रेम आर्य और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत सदस्य इशान वैष्णव, दुष्यंत दुबे, कोमल शर्मा, नरेंद कोटड़िया, सुनील पाठक, सुशील शुक्ला, प्रमोद पाठक, जेपी उपाध्याय, अमिताभ वैष्णव, मनीष चौबे, संजय गोस्वामी, गौरव जैन, विनोद यादव, बिलासपुर से तेरस यादव साहित्यकार सभी सहयोगी एवं मित्र उपस्थित थे।

### एफएनएल मेले में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**लोरमी।** सेमरसल संकुल के साथ ही गैंजी, पठारीकापा, खेकतरा के प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चों ने एफएनएल मेले में अपनी कल्पना का प्रदर्शन करते हुए अनेक मॉडल बना कर प्रस्तुत किया। बच्चों ने पेंसिल, पेपर, कलर पेंसिल, चार्ट पेपर, ड्राइंग शीट, थर्माकोल आदि का उपयोग करके आकृतियों, चित्रों, चलित प्रारूप को सभी निर्णायक शिक्षकों के सम्मुख न केवल पेश किया। प्रथम स्थान शासकीय प्राथमिक शाला गैंजी से अनन्या और पुष्पराज कक्षा 5वीं व द्वितीय स्थान प्रियांशु साहू, नेतराम, चंचल जागृति कक्षा 5वीं ने प्राप्त किया। शेष प्रतिभागी छात्रों व सभी स्कूलों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य दीपक ध्रुव, बीआरसी डीसी डाहिरे, निर्णायक मंडल में प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी, समन्वयक रामकुमार साहू, विनोद जांगडे, रामकुमार कश्यप, चंद्रेश कश्यप, प्रधानपाठकों में दुलारी राम कश्यप तेलिया पुरान, सुषमा, आरती गुप्ता, सीमा पोर्ते, सुजीत बंजारे गैंजी, राजकुमार नवरंग बांधा, मनोज कुलमित्र धोबघट्टी, हेमंत राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

### विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर में की गई बच्चों की जांच



**लालपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में सेमरसल में राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया जिसमें 0 से 6 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। इस दौरान प्रभारी डॉ संदीप कुमार श्रीवास ने बच्चों की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन की जांच कर बॉडी मास इंडेक्स का मूल्यांकन किया। उन्होंने कुपोषण से बचाव के लिए संतुलित आहार एवं आयुर्वेदिक जीवन शैली को अपनाने पर जोर दिया। महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए इंदु साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अमरौतिन निषाद सहायिका एवं कर्मचारी हाथीराम यादव ने महिलाओं की हीमोग्लोबिन एवं शारीरिक फिटनेस की जांच में सहयोग किया। इस अवसर पर आयुर्वेद विशेषज्ञों ने महिलाओं को आयुर्वेदिक दिनचर्या, संतुलित आहार एवं स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।

### जिपं अध्यक्ष श्रीकांत का गृहग्राम में भव्य स्वागत



**जरहागांव।** श्रीकांत पांडेय को निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुना गया। जिपं अध्यक्ष बनने के बाद गृहग्राम दशरंगपुर पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर जायसवाल के नेतृत्व में ढोल-ताशे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरना मेरी जिम्मेदारी है। 30 वर्षों तक भाजपा की सेवा करने के बाद मेरा फल मुझे अध्यक्ष के रूप में प्राप्त हुआ है। यह जीत क्षेत्र की जनता के साथ भाजपा की है, जिनके मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्व पद की जिम्मेदारी मिली है। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल एवं बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, विजय दीवान, पदमन क्षत्रिय, संजय निर्मलकर, संजय धुरी, राज साहू, शेख जैनुल, राकेश सिंह बेस, जरहागांव नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि वेदप्रकाश कश्यप, संतोष साहू, मनोज कश्यप, धीर सिंह बंजारे, अश्वनी कश्यप, डॉ रामकुमार साहू, सरपंच धन लाल टंडन, सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले, खेलावन नेताम आदि ने स्वागत किया।

## स्कूल एवं शासकीय कार्यालयों में भी नजर आने लगा होली का माहौल

# रंग गुलाल से सजीं दुकानें, पिचकारियों की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

होली पर्व को लेकर लोगों का उत्साह उपने पूरे शबाब पर है। बाजार में पिचकारियों से लेकर रंग-गुलाल से दुकानें सजी हुई हैं। रंग गुलाल की खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। स्कूल एवं शासकीय कार्यालयों में भी होली का रंग नजर आने लगा।

पर्व के लिए पूजा सामग्री से लेकर रंग गुलाल खरीदने का क्रम मंगलवार से ही दिखने लगा। ग्राहकी बढ़ने के साथ ही इन दिनों बाजार में ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ने लगा है। जानकारी अनुसार 14 मार्च को होली है एवं एक दिन पहले देर रात होलिका दहन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कई सामाजिक संस्थानों ने भी लोग होली सहित फाग आदि कार्यक्रमों के आयोजन में लगे हुए हैं। आधुनिक दौर में कम होती पुरानी परंपराओं के संबंध में भाजपा के पूर्व एल्डरमेन संजय वर्मा बताते है कि पूर्व में परदेशी फाग सहित नगर के चार-पांच प्रमुख स्थानों पर एक सप्ताह पूर्व से ही नंगाड़ों एवं ढ़ोलक की थाप गूंजने लगती थी। लेकिन समय के अनुसार पुरानी परंपरा आधुनिक दौर में सिमट सी गई है। बहरहाल इस बार व्यापारियों में बाजार को लेकर बेहद उम्मीदें हैं, छोटा भीम सहित कार्टून का मुखौटा आकर्षित कर रहा है। दुकानदार ने बताया कि इस बार ग्राहकों के लिए बिना केमिकल के बने रंग के साथ गुलाल, अबीर, टी-शर्ट कुर्ते, पजामे के साथ होली के रंग में रंगने वाली टोपियां भी उपलब्ध हैं। इसके साथ ही स्प्रे कलर सहित कई प्रकार के अलग-अलग डिजाइनर मुखौटे भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। बच्चे दुकानों पर आकर्षित हो सके, इसके लिए छोटा भीम, मोटू पतलू व मिकि माउस के नकाब सहित अन्य गुड्डे गुड़ियों के आकार में टोपियां स्प्रे कलर और छोटा भीम मुकुट की बाजार में बिक्री ज्यादा देखी जा रही है। पिछले दो दिनों से नगर के स्कूलों एवं शासकीय कार्यालयों में होली का माहौल नजर आने लगा। विद्यार्थी होलियाना मूड में एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेलते आए।



रंग गुलाल से सजी दुकानों पर लगी खरीदारों की भीड़।

### शराब दुकानों में लगी भीड़

रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर प्रशासन ने होली के दिन शुष्क दिवस घोषित किया हैं। शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई हैं, परन्तु पीने वालों पर इस प्रतिबंध का कोई विशेष असर नहीं होता। मदिरा प्रेमियों द्वारा अपने मनपसंद शराब का स्टाक जमा कर अपने घरों पर रख रहे हैं। होली ही एक मात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें लोग जमकर पीते व पिलाते हैं, फिर चाहे पूरी जेब ही खाली क्यों न हो जाए। होली के पूर्व नगर की अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों में भारी भीड़ देखी जा रही है। मदिरा प्रेमियों को यह पता है कि अगर अभी वे शराब नहीं खरीदेंगे तो उन्हें होली के दिन इसे दुगुने दामों में चोरी-छिपे खरीदना पड़ेगा। कई लोग होली में शराब न पीकर भांग का सेवन करते हैं। भांग प्रेमी बाहर शहरों से भांग की गोली मंगवा कर त्यौहार को भांग की गोली से रंगने की जुगत में लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर मांस प्रेमी भी पीछे नहीं हैं। हाट बाजारों में त्यौहार को लेकर बिकवाली जोरों पर हैं, मुर्गा-बकरा, मछली की बिक्री भी खूब हो रही हैं।

### फाग गीतों की थाप पर थिरकने लगे युवा

होलिका दहन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगरीय क्षेत्रों व शहरों में लकड़ी इकट्ठा करने का काम शुरू हो गया हैं। होली त्यौहार नजदीक आते ही नगर सहित गांव-गांव चौक में युवा वर्ग नगाड़ा के थाप पर फाग गाते हुये नजर आ रहे हैं। रात्रि में नगाड़ो की थाप पर सुनाई देने वाले फाग गीत लोगों को झूमने के लिये विवश करते हैं। इसी क्रम में नगर के कुछ मोहल्लो की एक-दो मंडलियां इस परंपरा को जीवित रखने की कवायद में जुटी हैं। नगर के महामाया मंदिर में फाग गायन कार्यक्रम में फाग गायन का आनंद होली त्यौहार के अवसर पर ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रो में शाम होते ही युवा वर्ग गांव के चौक-चौराहो में मंडली जमाकर फाग गायन का आनंद ले रहे हैं। होलिका दहन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगरीय क्षेत्रों व शहरों में लकड़ी इकट्ठा करने का काम शुरू हो गया है। प्रबुद्ध लोगों की माने तो होलिका दहन में कंडे व अनुपयोगी चीजों का दहन करने का प्रयास होना चाहिए। कांटेदार सूखी झाड़ियों की होली जलाई जा सकती है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। होलिका दहन प्रतिकात्मक रूप से मनाई जानी चाहिए जो पर्यावरण संरक्षण के लिए काफी जरूरी हैं।



## पोर्ते महाविद्यालय में एबीवीपी ने उत्साह के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



एबीवीपी पेंड्रा के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर एबीवीपी के बैनर तले हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। यह होली महोत्सव डॉ भवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय के लिए अत्याधिक उमंग का विषय है, जिससें विद्यार्थियों के साथ भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया गया है।

पेंड्रा नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने कहा कि होली का इतना बड़ा कार्यक्रम महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार हुआ है। यह होली का कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था। श्रेयांश ने आगे कहा कि यह होली महोत्सव हमारे विद्यार्थी परिषद की मेहनत से सफल हुआ। पेन्ड्रा सह नगर मंत्री आयुष चंद्रा ने महाविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों का जीवन रंगों से भरे ऐसा कहकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभव नामदेव, मौलिक, कृष्णा, आदित्य, रामा, अनुज,नंदिनी, श्रद्धा, शुभम, श्याम, विक्रम, पुनीत, अंजली, मुस्कान, यश, संजय, तरुण सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्राएं शिक्षा को दें प्राथमिकताः कलेक्टर



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शामिल हुए। उन्होंने छात्राओं को अनुशासित रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि छात्राएं अपनी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने जीवन में पुस्तकों को मित्र बनाएं। किसी पर भी निर्भर न रहें, बल्कि अपनी काबिलियत के बल पर जीवन में आगे बढ़ें। जो व्यक्ति मेहनत करता है, वही आत्मविश्वास से भरा रहता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिनाइयां हर किसी के सामने आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति आत्मनिर्भर और मानसिक रूप से मजबूत होता है, वही पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त कर सकता है। कलेक्टर ने 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा, बेटा हमारा ऐसा काम करेगा' गीत गाकर छात्राओं को अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरने की समझाइश दी। एसपी पटेल ने कहा कि बचपन की मासूमियत और निश्छलता को बनाए रखते हुए अपने व्यक्तित्व को मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया के प्रभाव से सतर्क रहने की सलाह दी और अपने सपनों को सीमित न करते हुए लक्ष्य को पाने के लिए पूरे समर्पण के साथ मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन में छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सरस्वती सिंह, कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्राची सिंह, प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

## पांचवी एवं आठवीं परीक्षा को लेकर संकुल अध्यक्षों की बैठक



**तखतपुर।** पूरे प्रदेश में इस बार सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की परीक्षा केंद्रीकृत जा रही है। इसके तहत विद्यालयों में सील बंद प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जाएगा और उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन भी केंद्रीयकृत कराई जाएगी। 17 मार्च से परीक्षा प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के संचालन के संबंध में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक की केंद्रीयकृत परीक्षा के संचालन को लेकर संकुल केंद्र तखतपुर 1, 2 एवं पड़रिया के केंद्र अध्यक्षों की बैठक कन्या उमा विद्यालय तखतपुर में आयोजित की गई, जहां पर परीक्षा के संचालन पर चर्चा की गई। संकुल प्रभारी हूप सिंह क्षत्री ने परीक्षा के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने तथा परीक्षा को शांतिपूर्वक संचालन से संबंधित जानकारी दी। प्रश्न पत्रों का वितरण एवं उत्तर पुस्तिका का संकलन किस समय किया जाना है इस पर भी जानकारी दी गई। व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला ने विभिन्न प्रपत्रों पर चर्चा की, जिसमें प्रपत्रों को पूर्ण करना, बंडल तैयार करने की जानकारी दी गई। संकुल समन्वय जितेंद्र ठाकुर, हीरालाल जांगड़े और प्रेमलाल जायसवाल ने अपने संकुल के अधीन आने वाली केंद्र और केंद्र अध्यक्षों की जानकारी देते हुए परीक्षा के संचालन पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर राकेश पाठक, रघुराई दुबे, पुष्पा डहरिया, दिनेश दुबे, अरविंद द्विवेदी, धर्मपाल बघेल, भूपेंद्र कश्यप, अनुपम मिश्रा, माया साहू, नीमा ठाकुर, भारती कैवर्त, संजय सोनी, पवन साहू, मुक्ता खन्ना, जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 15 दिनों में एक लाख से ज्यादा लोगों ने उठाया मेले का आनंद



**मल्हार।** महाशिवरात्रि पर्व से शुरू हुए 15 दिवसीय मल्हार मेला का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। पातालेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित अस्थाई कार्यालय में मेला समापन के लिए आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर मेला प्रशासन को बधाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने कहा कि मेला हमारी छत्तीगढ़ की धरोहर है और इस धरोहर को बचाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 1936 से धर्मनगरी मल्हार में 15 दिवसीय मेला लगता आ रहा है जिसका इंतजार क्षेत्रवासियों को बेसब्री से रहता है क्योंकि मेले का पारम्परिक व्यंजन व दैनिक उपयोग की सामने सहज रूप से मिल जाती है साथ ही मेला के बहाने सभी वर्ग के लोगो से मुलाकात भी हो जाती है जो भाईचारे की परंपरा से अवगत कराती इसलिए मेले की महत्ता आज भी कायम है। सीएमओ मनीष सिंह ने कहा कि 15 दिवसीय मेला शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गए जिसमे सभी का सहयोग रहा, सबसे ज्यादा पुलिस का मिला जिन्होंने भारी भीड़ को कम बल में ही सम्हाल लिया और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। ओंकार धर दीवान ने कहा कि नगर वासियो व व्यापारियों के सहयोग से चुनौतीपूर्ण यह कार्य आसानी से संपन्न हो गया। जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताया। समापन कार्यक्रम में पार्षद आशुतोष वर्मा, रामफल कांत, जगदीश राय, प्रमोद थवाईत, मिथलेश श्रीवास, सीताराम मरावी, कमलेश साहू, हेम साहू, ननकी कैवर्त, ताराचंद अवस्थी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मेले के दौरान इन 15 दिनों में एक लाख से ज्यादा लोगों ने मेला का लुफ्त उठाया।

## एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

एसपी भावना गुप्ता ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने और सुरक्षा प्रबंधन में अहम योगदान देने वाले अधिकारियों व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले चुनाव सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक नवीन मिश्रा को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। एसपी ने उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ पुलिसकर्मी संगठन की रीढ़ होते हैं, जो कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को भी शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गया।



इसी क्रम में ओडिशा के बौद्ध जिले से अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सफल ऑपरेशन को अंजाम देते हुए तस्करों को पकड़ने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए टीम का नेतृत्व करने वाले साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव को कॉप ऑफ द मंथ का खिताब दिया गया। इस अवसर पर पॉक्सो एक्ट के एक मामले में 5 हजार के ईनामी वारंटी को अकेले पकड़ने वाली महिला आरक्षक कमलेश जगत को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस विशेष टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक गोपाल खांडेकर, आरक्षक राजेश शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा और हर्ष गहरवार को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस टीम के सदस्यों की सूझबूझ, साहस और अपराध के खिलाफ सक्रिय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सफलता टीम वर्क और तत्परता का बेहतरीन उदाहरण है। जीपीएम पुलिस ने इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सम्मान और प्रोत्साहन से पुलिस बल के सदस्यों में कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## रामायण पाठ के साथ की गई महिला दिवस की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राधाकृष्ण मंदिर में केशरवानी महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत रामायण पाठ और गुरु कश्यप मुनि की पूजा के सात की।

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला उपाध्यक्ष एवं नगर महिला संरक्षक अनिता गुप्ता को महिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने अपने विचार रखने आमंत्रित किया। संरक्षक प्रमिल गुप्ता ने नारी को त्याग, बलिदान, शक्ति बताते हुए सम्मान की बात कही। इस अवसर पर संरक्षक सपना गुप्ता, संरक्षक मनोरमा गुप्ता, उपाध्यक्ष अमिता केशरवानी, संगठन मंत्री पदमा केशरवानी, सांस्कृतिक सचिव रिंकी गुप्ता, ज्योति गुप्ता, विशिष्ट सलाहकार विभा केशरवानी, सरोज गुप्ता, संगठन मंत्री संध्या गुप्ता, सुरेखा गुप्ता, मंजुला गुप्ता, शैल गुप्ता, सुमित्रा केशरवानी, संगीता केशरवानी, अश्रुति बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के पश्चात अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

## भाजपा ने जांच एजेंसियों को अपने घर का तोता बना लिया हैः उत्तम

# कांग्रेसियों ने दहन किया ईडी का पुतला, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**पेंड्रा।** ईडी द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास एवं विभिन्न स्थानों पर 10 मार्च को छापेमार कार्रवाई की गई, जिसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जीपीएम के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव के नेतृत्व में पेंड्रा के दुर्गा चौक में ईडी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए ईडी और भाजपा सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई।

जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि सत्ताधारी भाजपा ने आज संवैधानिक जांच एजेंसियों को अपने घर का तोता बनाकर रख लिया है और इसका उपयोग विपक्षी दलों को दबाने कुचलने के लिए कर रही है। विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी की गई जो कि एक षड्यंत्रकारी कार्य है। भूपेश बघेल जी ने एक पहले ही विधानसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना पर हुए करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर सत्ताधारी भाजपा को घेरा था और उसके दूसरे दिन भूपेश बघेल जी के यहां ईडी का छापा पड़ना यह दर्शाता है कि सत्ताधारी भाजपा केंद्र से लेकर राज्य तक मे कितनी घबराई हुई है। इनके घोटालों की जांच करने वालों को ही ईडी के माध्यम से दबाया जा रहा है। नपा अध्यक्ष राकेश जलान ने कहा कि भाजपा इतनी ही निष्पक्ष जांच करना चाहती है तो पहले छत्तीसगढ़ में पनामा पेपर मामला, नान घोटाला, झीरम कांड की जांच करें। भारत में जहां भी भाजपा की सरकार है वहां कांग्रेस से पलायन करके भाजपा में जाने वाले नेताओं पर यही भाजपा करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती थी, उनकी जांच क्यों नहीं करती है। सादिक खान ने कहा हमारे नेताओं को बेवजह परेशान करने और उनकी छवि धूमिल करने का काम केंद्र में बैठी भाजपा सरकार कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नपा अध्यक्ष पेंड्रा राकेश जलान, सादिक खान, प्रशांत श्रीवास, जयदत्त तिवारी, शारदा चरण पसारी, नारायण शर्मा, हरीश राय, राकेश मसीह, इदरीस अंसारी, अफसर खान, मनीष दुबे, श्रीकांत मिश्रा, निलेश साहू, अनुज ताम्रकार, कुक्कू साठे, आयुष सोनी, संतोष ठाकुर, जैलेश सिंह, श्रीमती विद्या राठौर, मंजू ठाकुर, विरेन्द्र मिश्रा, अनिल ठाकुर, सौभाग्य सिंह, प्रवेश शर्मा, रमेश कोल, पारस चौधरी, कलिराम मांझी, आकाश गुप्ता, मनोज साहू मौजूद थे।



पुतला दहन करते कांग्रेसी।

## हत्या के प्रयास के आरोपियों को दस-दस साल की सजा

**पेंड्रा।** मामला थाना गौरेला का है, जहां 31 मार्च 2022 को काजल यादव नामक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मां गणेशिया बाई के साथ उसका पड़ोसी देवलाल यादव और उसके बेटे कमलेश यादव ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। थोड़ी ही देर बाद देवलाल ने उसकी मां को जान से मारने की नीयत से उस पर टांगिया से हमला कर दिया। साथ ही कमलेश ने डंडे से मारपीट की जिससे उसकी मां गणेशिया बाई को काफी चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में लिया गया विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय मे पेश किया गया। अपर सत्र न्यायालय की न्यायधीश ज्योति अग्रवाल ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दस-दस साल की कठोर कारावास और हजार-हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। मामले की विवेचना निरीक्षक युवराज तिवारी एवं न्यायालय में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने किया।

- आरोपियों पर लगाया गया एक-एक हजार का अर्थदंड